# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025


# भाजपा नेता भिड़े, संदीप ने कहा- वक्फ बोर्ड कर रहा भयादोहन, सलीम बोले- किसी को बेदखल नहीं कर रहे

## पुरानी बस्ती में रहने वाले तीन लोगों को ठीक दीपावली के दिन नोटिस मिलने पर गरमाई भाजपा के अंदर ही राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पुरानी बस्ती में मस्जिद के पास रहने वाले तीन लोगों को वक्फ बोर्ड द्वारा नोटिस भेजे जाने पर भाजपा के दो दिग्गज आमने-सामने हो गए हैं। छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप शर्मा ने इस मामले में वक्फ बोर्ड को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि यह तो वक्फ बोर्ड का भयादोहन है। ठीक दीपावली के दिन नोटिस देकर इन परिवारों की दीपावली खराब कर दी गई है। वक्फ बोर्ड ने 22 अक्टूबर को नोटिस देकर 24 अक्टूबर को जवाब मांगा है। ऐसे में त्योहार के समय कोई भी त्योहार मनाएगा या फिर वक्फ बोर्ड को जवाब देगा, यह बात समझ से परे है। इस मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डा. सलीम राज का कहना है कि हमारा इरादा किसी को भी बेदखल करने का नहीं है। जिनका भी वक्फ की जमीन पर कब्जा है, वे अगर किराया देने तैयार होते हैं तो किरायानामा तैयार करा लें, उनको कब्जा खाली करने कहा ही नहीं जा रहा है।

वक्फ बोर्ड प्रदेशभर में वक्फ की जमीनों को लेकर लगातार नोटिस देने का काम कर रहा है। ऐसे में पुरानी बस्ती के तीन लोगों को नोटिस मिलने के बाद इस मामले में भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ खाद्य ▶▶| शेष पेज 5 पर

### वक्फ के पास कोई रिकार्ड है?

इस मामले श्री शर्मा ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए साफ शब्दों में कहा- वक्फ बोर्ड भयादोहन कर रहा है। यहां पर लोग 50 सालों से ज्यादा समय से रह रहे हैं। मस्जिद के आसपास रहने वाले सभी हिंदू हैं। उन्होंने क्या वक्फ की जमीन पर कब्जा किया है। जिस महाराजा स्वीट्स के संचालक को नोटिस दिया गया है, वे मस्जिद को किराया देते हैं। बिना किसी जांच के कैसे किसी को नोटिस दिया जा सकता है। उन्होंने सवाल खड़ा किया, क्या वक्फ बोर्ड ने कोई सीमांकन कराया है, कोई राजस्व रिकॉर्ड है, जिससे पता चल रहा है कि वक्फ की जमीन पर कब्जा किया गया है।





### नोटिस देने का मतलब बेदखल करना नहीं : सलीम राज

इस मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डा. सलीम राज का कहना है कि वक्फ की जमीन को चिन्हित करके नोटिस देने का काम किया जा रहा है। यह एक शासकीय प्रक्रिया है। पुरानी बस्ती के तीन दुकानदारों को 17 अक्टूबर को नोटिस जारी किया गया था। उनसे महज जवाब मांगा गया है। हमारा मकसद किसी को भी बेदखल करने का नहीं है। वक्फ की जमीन पर काबिज हैं तो उनको किराया देना होगा। इसके लिए किरायानामा तैयार करा लें। कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक जो किराया होगा, वह लिया जाएगा।


आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹91499/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹111750/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹121986/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## अफसर ने कहा-महिला फंसा रही, ब्लैकमेल कर रही, डीजीपी को लिखी चिट्ठी

# यौन प्रताड़ना के आरोप में फंसे आईपीएस एसआई की पत्नी के आरोप पर जांच

**डीजीपी के निर्देश पर आईपीएस डॉ. आनंद छाबड़ा ने शुरू की जांच**

*पुलिस अकादमी में पदस्थ आईपीएस रतनलाल डांगी के खिलाफ एक एसआई की पत्नी ने यौन शोषण तथा प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि अफसर पिछले सात वर्षों से उसका शोषण कर रहे थे। महिला की शिकायत के बाद शासन ने 2001 बैच के आईपीएस डॉ. आनंद छाबड़ा की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। कमेटी में डॉ. छाबड़ा के अलावा महिला आईपीएस मिलना कुर्रे को शामिल किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर में पदस्थ एक सब-इंस्पेक्टर की पत्नी ने आला अधिकारियों को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है कि आईजी श्री डांगी ने सात वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया। महिला का कहना है कि जब उसने अधिकारी से दूरी बनाने की कोशिश की तो अधिकारी ने दबावपूर्वक संबंध बनाने मजबूर किया। महिला के आरोपों के मुताबिक, श्री डांगी सरगुजा में आईजी थे, तब उसके साथ उत्पीड़न की शुरुआत हुई। जब वे बिलासपुर आईजी बने तो यह सिलसिला और बढ़ता गया। अधिकारी अपनी पत्नी की अनुपस्थिति में उसे बंगले पर आने मजबूर करता था और उसके साथ आपत्तिजनक हरकतें करता था।

### वीडियो कॉल से नजर रखने का आरोप

महिला के मुताबिक, अफसर सुबह 5 से रात 10 बजे के बीच कई बार वीडियो कॉल कर उस पर नजर रखने के साथ दबाव डालते थे। महिला ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि वह अब तक चुप रही, क्योंकि उसके पति की नौकरी खतरे में पड़ सकती थी। आरोप है कि आईपीएस अधिकारी अक्सर उसे धमकी देता था कि 'अगर तुमने विरोध किया तो तुम्हारे पति का नक्सल क्षेत्र में तबादला कर दूंगा।'




### शिकायत के बाद मीडिया ट्रायल

अफसर के अनुसार, महिला उस पर वीडियो कॉल में बने रहने दबाव बनाती थी। करवा चौथ के दिन महिला ने खुदकुशी करने की धमकी देकर पत्नी से मिलने से रोका। इससे आहत होकर अफसर ने महिला के खिलाफ 15 अक्टूबर को डीजीपी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### दोषी तो होगी कार्रवाई - सीएम



मरवाही दौरे के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आईपीएस रतनलाल डांगी पर लगे आरोपों पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि चाहे आईपीएस हो या आईएएस, आरोप लगने पर जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

### अफसर ने आरोपों को बताया मनगढ़ंत

महिला के आरोप लगाए जाने के बाद हरिभूमि की टीम ने आईपीएस रतनलाल डांगी से संपर्क कर उनका पक्ष लिया तो उन्होंने महिला के आरोपों को मनगढ़ंत तथा बेबुनियाद बताया। अफसर के अनुसार, महिला उसे पिछले दो वर्षों से खुदकुशी कर फंसाने की धमकी दे रही थी। कारण पूछने पर अफसर ने बताया कि महिला आर्थराइटिस के फोर्थ स्टेज में है। इसके लिए वह हाई डोज मेडिसिन लेती है। इस वजह से महिला की मानसिक स्थिति खराब हो गई है। इस वजह से अफसर ने महिला पर झूठे आरोप लगाने की बात कही।

### अधिकारी द्वारा डीजीपी को लिखे पत्र के प्रमुख बिंदु

- महिला जहर की शीशी लेकर कार्यालय आई और मुझे अपनी पत्नी से संबंध न रखने की कसम खिलवाई। उसने कई शर्तें रखीं, पत्नी से बात नहीं करना, तस्वीर नहीं खिंचवाना, जन्मदिन या सालगिरह नहीं मनाना।
- उसने कहा कि मैं रात में बालकनी में सोऊं और आठ घंटे तक लाइव लोकेशन और वीडियो कॉल चालू रखूं, ताकि उसे भरोसा रहे कि मेरे साथ कोई नहीं है।
- स्नान, व्यायाम और वॉशरूम जाते समय भी वीडियो कॉल चालू रखने की शर्त लगाई गई थी।
- उसने वॉशरूम में फोटो लिए और दिखाकर धमकाया कि अगर मैं उसकी बात नहीं मानूंगा तो ये तस्वीरें वायरल कर देगी।
- विरोध करने पर उसने ब्लेड से खुद का हाथ काटा और आत्महत्या का नाटक किया, ताकि मैं डर जाऊं।
- अफसर ने दावा किया कि उसने उनकी सिफारिश से जिन लोगों की मदद की, उनसे महिला ने रुपए वसूले और अब वह कहती है कि मैं झूठे रिकार्ड में फंसा दिया जाऊंगा।
- कई मौकों पर वह जहर की शीशी लेकर कार्यालय आती और कहती कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो यहीं आत्महत्या कर मुझे फंसा देगी।
- उसने मेरी पत्नी और बेटों से मुझे अलग कर दिया। मैं पिछले दो वर्षों से अपने घर में मानसिक अवसाद में जी रहा हूं।
- करवाचौथ के दिन उसने धमकी दी कि अगर मैं पत्नी के साथ पूजा में शामिल ▶▶| शेष पेज 5 पर

**करपावण्ड थाना क्षेत्र की घटना**

## मधुमक्खी के हमले से बचने के लिए तालाब में कूदे पिता-पुत्र की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

करपावण्ड थाना क्षेत्र के छिंदगांव में मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल गए पिता- पुत्र पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। बचने के लिए पिता पुत्र ने पास ही के तालाब में छलांग लगा दी, लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं होने से दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक करपावंड थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदगांव में पिता भुवनेश्वर पटेल 60 वर्ष और उसके पुत्र विनोद पटेल 35 वर्ष छिंदगांव व चोकनार के बीच जंगल में मवेशियों के लिए घास लेने गए हुए थे। तभी मधुमक्खियों ने उनपर हमला कर ▶▶| शेष पेज 5 पर

### गांव में पसरा मातम

इधर, घटना की खबर लगते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दर्जनों लोग तत्काल गांव के बाहर तालाब के करीब पहुंचे, जहां से दोनों के शव को बाहर निकाला गया। इसके बाद पिता व पुत्र के शव का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में पूरा गांव एकत्रित था। परिजनों व ग्रामीणों की आखें नम थीं।

### चारा लाने गए थे पिता-पुत्र

करपावंड टीआई ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पिता और पुत्र चारा लाने के लिए गांव के पास के जंगल में घास काटने के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के एक बड़े झुंड ने उन पर हमला कर दिया था। मधुमक्खियों के डंक से घबराकर और जान बचाने के लिए पिता-पुत्र ने दौड़कर पास के एक तालाब में छलांग लगा दी।

## खबर संक्षेप

### स्पाइसजेट विमान में खराबी, दिल्ली लौटा



**नई दिल्ली।** तकनीकी खराबी के कारण पटना जाने वाला स्पाइसजेट का एक विमान सुबह राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। विमान ने सामान्य लैंडिंग की और यात्रियों को सामान्य रूप से उतार लिया गया। विमानन कंपनी ने कहा, 23 अक्टूबर 2025 को दिल्ली से पटना जा रही स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 497 तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के बाद दिल्ली लौट आई।

### वाहन की टक्कर से तीन लोगों की मौत

**खूंटी।** झारखंड के खूंटी जिले में अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान वंदना टोपनो (21), टेम्ना टोपनो (42) और मति संडी (25) के रूप में हुई है। यह घटना बुधवार रात तोरपा थाना क्षेत्र के ममराला और रिड़ुंग गांवों के बीच तोरपा-खूंटी-सिमडेगा मार्ग पर हुई। पुलिस ने बताया कि शवों को थाने लाया गया है और बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

### पटरी पर आईईडी विस्फोट से ट्रेन सेवाएं बाधित



**कोकराझार।** असम के कोकराझार जिले में तड़के अज्ञात बदमाशों द्वारा रेलवे पटरी पर आईईडी से विस्फोट किए जाने के बाद लोअर असम और उत्तरी बंगाल के कुछ हिस्सों में रेल सेवाएं बाधित हो गईं। यह विस्फोट स्टेशन से लगभग पांच किलोमीटर दूर हुआ। इस धमाके से रेल की पटरी का करीब तीन फुट हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और टूटे हुए पटरी के टुकड़े कई मीटर दूर तक बिखर गए।

### विमेंस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत

**मुंबई।** मेजबान भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने गुरुवार को राउंड रॉबिन मैच में न्यूजीलैंड को 53 रन से हराया। इसी के साथ इंडिया विमेंस नॉकआउट राउंड में पहुंचने वाली चौथी और आखिरी टीम बन गई। नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 49 ओवर में 3 विकेट खोकर 340 रन बनाए। बारिश के कारण एक ओवर कम हुआ। यह टीम का बेस्ट वर्ल्ड कप स्कोर रहा। स्मृति मंधाना ने 109, प्रतिका रावल ने 122 और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 76 रन बनाए।

## एसआईटी ने छह संदिग्धों पर कसा शिकंजा

# एक वोटर का नाम हटाने 80 रुपए का हुआ भुगतान!



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 2023 के विधानसभा चुनावों में 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने पाया कि वोट हटाने (डिलीट) के प्रयास किए गए थे। एसआईटी ने इसमें लिप्त कम से कम छह संदिग्धों पर शिकंजा कसा है। अपराध जांच विभाग के शीर्ष सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक वोट को सफलतापूर्वक हटाने के लिए आरोपियों को 80 रुपए दिए जाते थे। उन्होंने बताया कि कुल 6,994 वोट हटाने के अनुरोध किए गए थे, लेकिन कुछ वास्तविक मामलों को छोड़कर शेष सभी आवेदन फर्जी थे। कलबुर्गी में आने वाला आलंद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है और कांग्रेस विधायक बी. आर. पाटिल इस विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। पाटिल और खरगे के बेटे प्रियंक खरगे ने ही वोट हटाने की कोशिशों का पर्दाफाश किया था और कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इस संबंध ▶▶| शेष पेज 5 पर

### राहुल ने रखी थी अपनी बात

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल में दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में इस बारे में अपनी बात रखी थी कि 'वोट चोरी' कैसे हो रही है और उन्होंने आलंद का उदाहरण दिया था। कांग्रेस विधायक बी. आर. पाटिल ने कहा कि अगर ये वोट हटा दिए जाते, तो वह निश्चित रूप से चुनाव हार जाते। उन्होंने 2023 का विधानसभा चुनाव अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुभाष गुट्टेदार (भाजपा) से लगभग 10,000 मतों के अंतर से जीता था।

### डेटा सेंटर से जुड़े थे संदिग्ध

सीआईडी सूत्रों के अनुसार, छह संदिग्ध एक डेटा सेंटर से जुड़े थे और उन्होंने वोट हटाने के लिए 'वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' का इस्तेमाल किया था। 'वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' एक तकनीक है, जिससे इंटरनेट के जरिये फोन कॉल की जा सकती हैं और प्राप्त की जा सकती हैं।

### एसआईटी का गठन

कर्नाटक सरकार ने 'वोट चोरी' की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया, जिसका नेतृत्व सीआईडी में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी. के. सिंह कर रहे हैं। सीआईडी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, आलंद में वोट हटाने की कोशिशें जरूर की गईं। हमने लगभग 30 लोगों से पूछताछ की और उनमें से पांच-छह मुख्य संदिग्ध हैं। उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि ऐसी कोशिशें कहीं और भी हुई हों।

## केदारनाथ, यमुनोत्री के कपाट बंद

*17,68,795 तीर्थयात्रियों ने किए बाबा केदार के दर्शन*



**रुद्रप्रयाग/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में स्थित विश्वप्रसिद्ध उच्च गढ़वाल हिमालयी धामों केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट बृहस्पतिवार को भैयादूज के पावन पर्व पर परंपरागत पूजा पाठ और विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान शिव के धाम और ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ के कपाट सुबह साढ़े आठ बजे बंद किए गए। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सूत्रों ने बताया कि विशेष पूजा-अर्चना के बाद बाबा केदार के कपाट कार्तिक शुक्ल सप्तमी में अनुराधा नक्षत्र में सुबह साढ़े आठ बजे श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए।

**मां के साथ गया था मंदिर**

## रील बनाने पुल पर खड़ा था पीछे से आई ट्रेन से मिली मौत

**भुवनेश्वर/पुरी।** फेसबुक-इंस्टाग्राम पर ज्यादा लाइक और व्यूज हासिल करने की होड़ में स्टंट वाले खतरनाथ वीडियो और रील बनाने में अब तक कई नौजवान अपने जान गंवा चुके हैं, लेकिन यह जानलेवा क्रेज रुक नहीं रहा है। ओडिशा के पुरी जिले में एक 15 साल के किशोर को पुल पर खड़े होकर पीछे से आती ट्रेन को शूट करना भारी पड़ा। ट्रेन की टक्कर में किशोर की जान चली गई। वह जिस मोबाइल से वीडियो शूट कर कर रहा था। वह ट्रैक पर पड़ा रह गया। कुछ सेकेंड में उसके जीवन के अंतिम क्षण कैद हुए।

### तब झरने में लापता हुआ था युवक

ओडिशा में रील के क्रेज में जान गंवाने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले गंजम जिले के बरहामपुर का एक 22 कोरापुट में दुदुमा झरने पर रील बनाते समय बहकर लापता हो गया था। सागर टुडू अपने दोस्त अभिजीत बेहरा के साथ ड्रोन कैमरे से अपने यूट्यूब चैनल के लिए स्थानीय पर्यटन स्थलों के वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए उस इलाके में आया था।

## नई व्यवस्था एक नवंबर से हो जाएगी लागू

# बैंक खाताधारक अब बना सकेंगे चार नॉमिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि सरोकार

अब बैंकों के ग्राहक अपने खाते में चार व्यक्तियों तक को नामित कर सकेंगे। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में दावों के निपटान की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समान और प्रभावी बनाना है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को बयान में कहा कि नई व्यवस्था एक नवंबर, 2025 से लागू हो जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत खातों में व्यक्तियों के नामांकन से संबंधित प्रमुख प्रावधान अगले माह से प्रभाव में आएंगे। यह अधिनियम 15 अप्रैल, 2025 को अधिसूचित किया गया था। इसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, ▶▶| शेष पेज 5 पर




### हिस्सेदारी तय करने का विकल्प

बैंक में सुरक्षित रखी वस्तुओं और लॉकर के लिए केवल क्रमवार नामांकन की ही मंजूरी दी गई है। इसका मतलब है कि एक नामित व्यक्ति के निधन के बाद ही अगला नामित व्यक्ति उसका अधिकार प्राप्त करेगा। मंत्रालय ने कहा कि इन प्रावधानों से बैंक जमाकर्ताओं को अपनी पसंद के हिसाब से नॉमिनी बनाने में लचीलापन मिलेगा।

### निदेशकों का कार्यकाल 10 साल

चेयरमैन एवं पूर्णकालिक निदेशक को छोड़कर अन्य निदेशकों के लिए अधिकतम कार्यकाल अब 10 वर्ष कर दिया गया है, जो पहले आठ वर्ष था। हालिया संशोधनों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अब अघोषित या अप्राप्त शेयर, ब्याज और बॉन्ड भुगतान को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित कर सकेंगे, जिससे उन्हें कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप लाया गया है। सरकार ने 'महत्वपूर्ण हिस्सेदारी' की सीमा को भी 1968 के बाद पहली बार संशोधित करते हुए पांच लाख रुपए से बढ़ाकर दो करोड़ रुपए कर दिया है।

### नए बैंक नामांकन नियम

- खाताधारक अधिकतम चार व्यक्तियों को एक साथ या क्रमिक रूप से नामांकित कर सकते हैं। यह एक ऐसा कदम है जो जमाकर्ताओं और नामांकित व्यक्तियों दोनों के लिए सरल दावा निपटान प्रक्रिया को सुगम बनाएगा।
- खाताधारकों के पास अपनी आवश्यकताओं के आधार पर एक साथ या क्रमिक नामांकन चुनने का विकल्प होता है।
- जमाकर्ताओं द्वारा अधिकतम चार नामांकित व्यक्तियों को नामित किया जा सकता है, जिनमें से प्रत्येक के लिए शेयरों या प्रतिशत का विशिष्ट आवंटन होगा, जो कुल 100 प्रतिशत होगा, जिससे सभी नामांकित व्यक्तियों के बीच स्पष्ट वितरण सुनिश्चित होगा।
- जमा राशि, सुरक्षित वस्तुओं या लॉकरों के लिए व्यक्ति अधिकतम ▶▶| शेष पेज 5 पर



हाईकोर्ट ने विभागीय लापरवाही से गायों की मौत होने के मामले में संज्ञान लेते हुए पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग के प्रमुख सचिव से शपथ पत्र पर जवाब मांगा है। एक समाचार को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करते हुए चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने यह आदेश दिया है।

# हाईकोर्ट ने पशुपालन व पशु चिकित्सा विभाग के प्रमुख सचिव से शपथ पत्र में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट में यह स्वप्रेरणा जनहित याचिका आज प्रकाशित एक समाचार के आधार पर पंजीकृत की गई है जिसका शीर्षक बेलतरा व सुकलकारी बने कब्रगाह भूख-प्यास से तड़पकर मर रही गायें। इस मामले में दीपावली अवकाश के बाद भी चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की। इस समाचार रिपोर्ट में बताया गया कि मस्तूरी ब्लॉक के बेलतरा और सुकुलकारी क्षेत्रों में मवेशियों की लगातार मौत हो रही है। अस्थाई रूप से रखे गए गाय उचित प्रबंधन भोजन, पानी और चिकित्सा देखभाल के अभाव में मर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बेलतरा में एक दर्जन से अधिक और सुकुलकारी में 4 गायों की मौत हो चुकी है। लेकिन पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी इस बारे में अनभिज्ञ है। शासन-प्रशासन गायों की सुरक्षा के लिए प्रतिदिन योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है। इस बीच विभाग पर निष्क्रियता और असंवेदनशीलता का आरोप लगाया जा रहा है। बड़ी संख्या में गायों की मौत ने पशु चिकित्सा विभाग की उदासीनता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गायों को बेलतरा के मिनी स्टेडियम के एक दलदली और कीचड़ भरे कमरे में रखा गया था। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि लगभग 10 दिन पहले मवेशियों के उचित प्रबंधन और



देखभाल तथा पर्याप्त भोजन-पानी के अभाव में एक दर्जन से ज्यादा गायों की मौत हो गई थी। जमीनी हालात बिलकुल अलग है। मवेशियों के लिए न तो भोजन की व्यवस्था है और न ही चिकित्सा की। दो तस्वीरें भी प्रकाशित की गई जो मौजूदा दयनीय स्थिति दिखाती है। राज्य की ओर से उपस्थित शासकीय अधिवक्ता अजीत सिंह ने दलील दी कि उन्हें निर्देश प्राप्त करने के लिए कुछ समय दिया जाए। प्रथम दृष्टया, उपरोक्त समाचार रिपोर्ट पशु चिकित्सा विभाग और संबंधित स्थानीय अधिकारियों की ओ से गंभीर प्रशासनिक चूक दर्शाती है, जिसपर राज्य शासन को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके मद्देनजर कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार के पशुपालन विभाग एवं पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के प्रमुख सचिव को अगली सुनवाई की तारीख से पहले समाचार रिपोर्ट के संबंध में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने को कहा है। इस मामले को 27 अक्टूबर को पुनः सूचीबद्ध किया गया है।

### एसईसीआर के महाप्रबंधक से मांगा हलफनामा

बिलासपुर। एसईसीआर के बाक्सिंग रिंग में शराबखोरी व मुर्गा पार्टी के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एसईसीआर के महाप्रबंधक से हलफनामा मांगा है। इस मामले की पहली सुनवाई 31 अक्टूबर को होगी।एसईसीआर के बाक्सिंग रिंग में रेल्वे के अधिकारियों द्वारा शराबखोरी एवं मुर्गा पार्टी करते हुए बीते दिनों फोटो वायरल हुई थी। फोटो में एक बर्थडे पार्टी में शराब की बॉटल, लोगों के हाथों में शराब के ग्लास व नॉनवेज भी नजर आ रहा था। खिलाड़ियों द्वारा पोस्ट में यह कहा गया था कि खिलाड़ी जिस बाक्सिंग रिंग की पूजा करते हैं, खेल अधिकारियों के द्वारा उसे ही मयखाना बना दिया गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में स्वीकार कर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बैंच ने एसईसीआर के महाप्रबंधक से हलफनामा मांगा है। याचिका की पहली सुनवाई 31 अक्टूबर को होगी।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने पैसे की मांग कर डकैती का प्रयास

**राजनांदगांव।** शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर डकैती का प्रयास कर धारदार चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 अक्टूबर को प्रारेश साहू 32 साल निवासी ग्राम जंगलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 अक्टूबर को अपने साथियों जागेश्वर साहू, निक्कु साहू, भागीरथी साहू व महेन्द्र साहू के साथ ई-रिक्शा में बैठकर जंगलपुर से एबीस ग्रीन होटल में काम करने राजनांदगांव जा रहे थे। रेवाडीह नया शराब भट्टी बाईपास रोड के पास ई-रिक्शा रोककर जागेश्वर साहू शराब लेने के लिए भट्टी गया। शराब भट्टी के पास 5-6 व्यक्ति सामने से आए और जागेश्वर से शराब पीने के लिए पैसा मांगे और जागेश्वर द्वारा पैसा नहीं देने पर आरोपियों द्वारा हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगा, जिसे देखकर प्रार्थी एवं अन्य लोग बीच-बचाव करने लगे तो उनमें से एक व्यक्ति द्वारा अपने पास रखे धारदार हथियार से हमला करने से प्रार्थी एवं उनके साथियों के सिर, चेहरा एवं जांग में चोंट पहुंचाया है।

### अफवाह फैलाकर आंदोलन भड़काने वाले 3 पकड़े गए



**पलारी।** सोशल मीडिया में झूठी खबरें फैलाकर लोगों को आंदोलन के लिए उकसाने वाले तीन युवकों को थाना पलारी प्रभारी हेमंत पटेल की अगुवाई में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा यह भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई थी कि ग्राम लरिया में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ दिया गया है, जबकि जांच में यह बात पूर्णतः असत्य साबित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि लक्ष्मी नारायण डहरिया, गौतम कुर्रे और पालक भारद्वाज नामक तीन व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा तोड़े जाने की फर्जी पोस्ट शेयर कर लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं।

### सड़क पर पटाखे फोड़ने वाले चार हिरासत में

**कवर्धा।** दीपावली की रात शहर के अम्बेडकर चौक, कवर्धा में कुछ युवकों ने सड़क को ही पटाखा मैदान बना डाला। राहगीरों की सुरक्षा की परवाह किए बिना पटाखे फोड़ते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल कर दिया। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में थाना कवर्धा और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने चार उपद्रवियों आशुतोष गुप्ता, प्रकाश साहू, दुर्गेश धनकर और रूपेश देवदास को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। आरोपियों को एसडीएम. न्यायालय में पेश किया गया।

### एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापित किसान सभा के नेतृत्व में कर रहे थे प्रदर्शन

# आंदोलनरत भूविस्थापितों पर सीआईएसएफ के जवानों ने किया लाठीचार्ज, मची भगदड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में गेवरा क्षेत्र से प्रभावित गांवों के भूविस्थापित रोजगार, बसावट, मुआवजा की मांगों के सकारात्मक समाधान के लिए एसईसीएल के गेवरा खदान में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। इस दौरान प्रदर्शन शांति पूर्ण चल रहा था और एसईसीएल के अधिकारी भूविस्थापितों को वार्ता के लिए बुला रहे थे। इसी बीच सीआईएसएफ के अधिकारी ने भूविस्थापितों के साथ अभद्रता पूर्वक व्यवहार करने लगे, जिसका विरोध करने पर सीआईएसएफ के जवानों को लाठीचार्ज का आदेश दे दिया। सीआईएसएफ के जवानों ने भूविस्थापितों को खदेड़ने के लिए जमकर लाठी भांजी। लाठी चार्ज की वजह से छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू, रमेश दास, बिमल दास, गुलाब को गंभीर चोट आई है। सीआईएसएफ के जवान उन्हें जबरन उठा कर थाने ले जाने लगे, जिसे देखते हुए सभी भूविस्थापित एकजुट होकर दीपका थाना जाने लगे। इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने घायल भूविस्थापितों को बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापित रोजगार, बसाहट, मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में खदानबंद आंदोलन कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में सीआईएसएफ व पुलिस बल की तैनाती की गई थी। आंदोलन को देखते हुए एसईसीएल के अधिकारी आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुला रहे थे। इसी दौरान अचानक किसी बात को लेकर माहौल गरमा गया और देखते ही देखते सीआईएसएफ के जवानों ने भू विस्थापितों पर लाठी चार्ज कर दिया। सीआईएसएफ के लाठी चार्ज से कई भू विस्थापितों को चोट पहुंची है। जिसके बाद आक्रोशित भूविस्थापितों ने दीपका थाना में सीआईएसएफ जवानों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग करने लगे। शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी है।



### आंदोलन को तेज कर दिया जाएगा जवाब

किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा है कि भूविस्थापितों की समस्याओं का निराकरण किए बगैर खदान विस्तार का कार्य नहीं होने देंगे। एसईसीएल के महाप्रबंधक श्री त्यागी के इशारे पर सीआईएसएफ ने भूविस्थापितों पर जो लाठीचार्ज किया है उसका जवाब संघर्ष और आंदोलन को और तेज कर दिया जायेगा। अगर प्रबंधन ने जबरन कोशिश की तो आंदोलन और उग्र होगा। एसईसीएल द्वारा विस्थापित होने वाले प्रत्येक छोटे विस्थापित परिवार को भी नियमित रोजगार देने के साथ विस्थापितों को पुनर्वास की सुविधा और नए पुराने के नाम पर मुआवजा में कटौती करना बंद करना होगा।

### बंदूक व लाठी चार्ज के बल पर नहीं होगा खदान विस्तार

किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा की गेवरा क्षेत्र से प्रभावित भू विस्थापितों को नियमित रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा के साथ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शांति पूर्ण आंदोलन हो रहा था जिस पर सीआईएसएफ ने जबरन लाठीचार्ज किया बंदूक और लाठीचार्ज की नोंक पर खदान विस्तार नहीं होगा खदान विस्तार करना है तो समस्याओं का समाधान करना होगा। किसान सभा ने कहा कि पूर्व में अधिग्रहित ग्रामों के रोजगार, मुआवजा, बसावट के मामले लंबित है और नए विस्तार तेजी से किया जा रहा है।

### कार्य व्यवधान करने पर सीआईएसएफ ने रोका

एसईसीएल के पीआरओ सतीश चंद्र ने कहा है कि प्रातः लगभग 10 से 11 बजे के बीच गेवरा खदान में गांव नरईबोध और भठोरा की तरह से कुछ प्रदर्शनकारी खदान क्षेत्र में पहुंच गए और वहां उन्होंने जो कोयला उत्पादन की गतिविधि और ओबी भी निष्कासन की गतिविधि होती है उसे भी बाधित करने की कोशिश की । सभी जानते हैं कि यहां पर जो कोयला निष्कासन की जो प्रक्रिया होती है उसमें भारी मशीनें एजीएमएम चलती हैं और जो यह खदान का क्षेत्र है प्रतिबंधित क्षेत्र होता है। जिसमें हमारे अपने कामगार साथी भी वहीं जाते हैं, जिनकी ड्यूटी लगी होती है। प्रदर्शनकारियों द्वारा कार्य व्यवधान किए जाने पर हमारे सीआईएसएफ के जवानों ने प्रदर्शनकारियों को रोका है तथा काम में बाधा डालने वाले जो प्रदर्शनकारी थे उनको वापस भेजने का भी प्रयास किया गया। सभी लोगों से अपील करेंगे कि वे कृपया खदान के भीतर जो निषेध क्षेत्र है वहां भारी मशीनें चलती है, उसके आसपास न जाएं। वहां जाकर मशीनों को बंद कराने का प्रयास जोखिम भरा होता है और ये वैधानिक भी नहीं है।

### आक्रोशित लोग पहुंचे थाने

## मवेशी पर 50 से अधिक बार किया चाकू से वार



**भिलाई।** असामाजिक तत्वों द्वारा मवेशी पर 50 से अधिक बार चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। आक्रोशित लोगों ने थाना पहुंचकर प्रदर्शन किया कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक संतोषी पारा कैंप-2 में धारदार हथियार से लगातार मवेशी पर हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। घटना की खबर लगते ही आक्रोश लोग थाने पहुंच गए। घायल मवेशी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। छावनी पुलिस ने मामले को गंभीरता को देखते हुए अज्ञात के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध कायम कर जांच में लिया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगाल रही है। जिससे आरोपी का शिनाख्त किया जा सकता है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से दो घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। मौके पर कई सामाजिक संगठन, बजरंग दल समेत अन्य लोग भी थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### आरोपी की तलाश में पुलिस

संतोषी पारा कैंप-2 क्षेत्र में गाय पर हमला किया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। क्षेत्रों में पुलिस बाइक से पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। फुटेज खंगाले जा रहे हैं, घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस की टीम खोज रही है। - **हेमप्रकाश नायक**, सीएसपी, छावनी

### मैनपुर कला की अनूठी परंपरा

# देव सवार सिरहा को सैकड़ों गौवंश ने रौंदा, शरीर में खरोंच तक नहीं आई


हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर कला ग्राम में गोवर्धन पूजा के दिन एक अद्भुत और सैकड़ों साल पुरानी परंपरा आज भी जीवंत है। इस अनूठी परंपरा में, गाय के गोबर से बने गोवर्धन पर्वत के सामने बिठाए गए देव सवार सिरहा याने झाँकर को गांवभर के गौवंश रौंदते हुए निकलते हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि इस दौरान सिरहा को एक खरोंच तक नहीं आती है, जिसे ग्रामीण दैवीय शक्ति का चमत्कार मानते हैं। गोवर्धन पूजा के दिन बुधवार को गांव में गोबर से भव्य गोवर्धन पर्वत तैयार किया गया। इसके बाद, गांव के दो सिरहा कुंदरू यादव और जीवन यादव जिनके ऊपर सिद्धगुरु अथवा काछनदेवी सवार होते हैं, उन्हें इस पर्वत के सामने बिठाया गया। यह परंपरा उनके दादा-परदादा के समय से चली आ रही है। इस बार भी गौवंश का दल सिरहा के ऊपर से रौंदते हुए निकला। गांव के झाखर डोमार सिंह नागेश और वरिष्ठ भुवनेश्वर नागेश ने बताया कि, देखने में भले यह खतरनाक लगता है, पर दैवीय शक्ति के चलते रौंदे गए देव सवार सिरहा को एक खरोंच तक नहीं आती।



### सैकड़ों साल पुरानी है परम्परा

वरिष्ठ ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में गाँव का उल्लेख 1921 से है, लेकिन यह परंपरा उससे भी पहले सैकड़ों सालों से निभाई जा रही है। पहले गौवंश की संख्या 200 से अधिक हुआ करते थे, जो अब धीरे-धीरे कम हो गई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम के झांकर रत्न नागेश, बैगा भगवानी ध्रुव, सरपंच गजेंद्र नेगी, उपसरपंच सुधीर राजपूत, घनश्याम नेताम, हेमलाल पटेल, निहाल सिंह नेगी, नीरज ठाकुर, सियाराम ठाकुर, सुंदर कश्यप, रिखी राम कश्यप, सज्जन देवांशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रभर से हजारों लोग उपस्थित थे। इस दौरान मेला का आयोजन भी किया गया था।



### रोग-व्याधि दूर करने वाला गोबर

ग्रामीणों का इस वर्षों पुरानी अनूठी परंपरा पर अटूट विश्वास है। गौवंश द्वारा सिरहा और गोवर्धन पर्वत को रौंदने के बाद, ग्रामीण उस गोबर को अपने घरों में ले जाते हैं। इसे खेतों में छिड़का जाता है, घर के मुख्य द्वार पर लगाया जाता है और परिवार सहित माथे पर तिलक भी लगाया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से फसल अच्छी होती है और गाँव रोग-व्याधि से दूर रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले यह भी माना जाता था कि इससे चेचक जैसी बीमारियां भी गाँव में नहीं आती थीं।

### छिंदगढ़ रानीबहाल में 6 परिवारों के 26 लोगों ने की घर वापसी



**सुकमा।** विगत कुछ दिनों से ग्राम पंचायत छिंदगढ़ रानीबहाल में कुछ समुदाय द्वारा ग्रामवासियों को बहला फुसला, झूठा प्रलोभन, लालच की आड़ में जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था । गुरुवार को 6 परिवारों के लगभग 26 लोगों ने घर वापसी कर अपने समाज व रीतिरिवाज को अपनाया। इस दौरान प्रमुख रूप से सुकमा के ग्राम रानीबहाल के युवराज विक्रांत सिंहदेव उपस्थित रहे। साथ में जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम,बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय सोड़ी ग्राम के प्रमुखजन और पुजारी उपस्थित रहे।

# घर में सो रहे निःसंतान दम्पति की हत्या, बिस्तर पर मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरिमा

घर में सो रहे बुजुर्ग दम्पति की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। दम्पति का शव उनके घर में बिस्तर पर मिला है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। संभावना जताई जा रही है कि किसी भारी वस्तु से सिर पर वार कर दोनों की हत्या की गई है। मृतक रीमा लकड़ा के घर से उसकी सात बकरा-बकरी भी चोरी हुई है। हत्यारों ने इसे चोरी की घटना का रूप देने का प्रयास किया है।

थाना अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्र कुम्हरता के घाघी में 55 वर्षीय रीमा लकडा अपनी पत्नी 50 वर्षीय उर्मिला उर्फ जूली लकड़ा के साथ रहता था। बुजुर्ग दम्पति की कोई संतान नहीं है। दम्पति का भाई दुहन लकड़ा घर से आधा किमी की दूरी पर पर स्थित मकान में रहता है। बुजुर्ग दम्पति मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है और बकरी पालन करता है। 22 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे दुहन लकड़ा ने अपने भाई-भाभी को बकरियों को घर के अंदर करते हुए देखा था। इसके बाद संभावना जताई जा रही है कि दोनों रात को खाना खाकर सो गए थे। 23 अक्टूबर की सुबह गांव का एक व्यक्ति दोनों को खेत में धान काटने के लिए लेने घर आया था। इस दौरान दम्पति के घर की कुंडी बहार से लगी हुई थी। ग्रामीण ने दम्पति को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में उसने दरवाजे की कुंडी को खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए। बुजुर्ग दम्पति रीमा लकड़ा और उसकी पत्नी उर्मिला उर्फ जूली लकडा का शव जमीन पर बिस्तर पर पड़ा हुआ था।



### चल रही है जांच

घटना की सूचना मिली है। पुलिस घटना की जांच करने के साथ ही कुछ संदेहियों की तलाश कर रही है। इस मामले में जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।
-अमोलक सिंह ढिल्लो,एएसपी सरगुजा

### सीएम बोले- कांग्रेस सरकार ईमानदारी से प्रयास करती तो पहले ही खत्म हो जाता

# भूपेश ने कहा- नक्सलवाद खत्म करने के दावे कागजों तक सीमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने का दावा किया है। पिछले कुछ महीनों में बड़ी संख्या में नक्सलियों के आत्मसमर्पण भी हुए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने सरकार की नक्सल नीति पर सवाल उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, नक्सलवाद खत्म करने के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा, यह घोषणा कोई नई नहीं है। पिछले कई सालों से यही बातें कही जा रही हैं, लेकिन नक्सलवाद ज्यों का त्यों बना हुआ है। अगर सरकार की नीतियां प्रभावी हैं तो नक्सली यहां क्यों नहीं समर्पण कर रहे? वे तो तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश जाकर समर्पण कर रहे हैं। इसका मतलब है कि छत्तीसगढ़ में हालात अभी भी सुधर नहीं पाए हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी छह महीने में नक्सलवाद खत्म करने का वादा किया था, लेकिन नतीजा सबके सामने है। ऐसी कौन सी नीति है, जिसने नक्सलवाद को खत्म कर दिया? हमें बताएं। नीति इतनी अच्छी है तो नक्सली यहां सरेंडर क्यों नहीं कर रहे?



### लगातार कम हो रहा नक्सलवाद : साय



सीएम विष्णु देव साय ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई की है। गृहमंत्री अमित शाह की बैठक में पाया गया कि देश में सबसे ज्यादा 70 प्रतिशत नक्सली छत्तीसगढ़ में हैं। कांग्रेस सरकार ईमानदारी से प्रयास करती तो नक्सलवाद पहले ही खत्म हो जाता।

### भूपेश बघेल को नक्सल नीति पर टिप्पणी का नैतिक अधिकार नहीं

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता और सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा, भूपेश बघेल को प्रदेश सरकार की नक्सल नीति पर कुछ भी कहने का नैतिक अधिकार नहीं है। जिस कांग्रेस ने लगातार नक्सलवादियों के साथ भाईचारा निभाया, वह कांग्रेस अब भाजपानीत केंद्र व प्रदेश सरकार के नक्सल विरोधी ऑपरेशन से तिलमिलाई हुई है। 2014-2024 का यह दशक नक्सली-उन्मूलन के लिहाज से एकता, रणनीति और साहस से रचे गए नए इतिहास के लिए जाना जा रहा है। कांग्रेस के नेता जिन नक्सलियों की सरेआम रहनुमाई करते और उन्हें भटका हुआ मासूम बताते नहीं थकते, उन्हीं नक्सलियों ने कांग्रेस के सत्तावादी संरक्षण में हजारों-हजार निर्दोष नागरिकों, सुरक्षा जवानों, आदिवासियों व जनप्रतिनिधियों का खून बहाकर रक्तरंजित इतिहास लिखा है। नक्सलवाद के पक्ष में खड़ी नजर आने वाली कांग्रेस आज भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार को नक्सल-नीति पर ज्ञान परोसकर अपने दिमागी दीवालियापन का प्रदर्शन कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प की पूर्ति कर रहे हैं, तो कांग्रेस को यह रास नहीं आ रहा है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


- स्टेडियम मिलते ही तीनों फार्मेट के होंगे मुकाबले, 2025 में दो अंतर्राष्ट्रीय मैच की बीसीसीआई ने दी है मेजबानी
- बीसीसीआई के अधीन होने से स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के और बड़े अवसर मिलेंगे





खास खबर

# वन डे ही नहीं, टेस्ट मैच की भी मेजबानी कर सकेगा छत्तीसगढ़

## स्टेडियम बीसीसीआई को सौंपने की कागजी प्रक्रिया पूरी, घोषणा जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में वनडे और टी-20 के बाद अब टेस्ट मैच की मेजबानी के रास्ते जल्द ही खुलने वाले हैं। स्टेडियम को बीसीसीआई को सौंपने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। सरकार और बीसीसीआई के बीच कागजी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, अब केवल जांच की प्रक्रिया बाकी है। इसके पूर्ण होते ही स्टेडियम ▶▶|शेष पेज 5 पर

### मेंटेनेंस पर प्रतिवर्ष होने वाला व्यय बचेगा

स्टेडियम को लीज पर देने से प्रदेश सरकार को भी कई फायदे होंगे। साथ ही मेंटेनेंस पर प्रतिवर्ष होने वाला व्यय भी बचेगा। इसके अलावा बीसीसीआई के अधिक से अधिक मैचों की मेजबानी नियमित रूप से मिलने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। बता दें कि स्टेडियम को बीसीसीआई के अधिकारी भी प्रशिक्षण कर जा चुके है। इस वर्ष बीसीसीआई ने दो और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी हमारे मैदान को सौंपी है, जिसमें एक वनडे मैच दिसंबर 2025 दक्षिण अफ्रीका से और एक टी-20 मैच जनवरी 2026 न्यूजीलैंड से प्रस्तावित है।

### कागजी प्रक्रिया पूरी, अब अंतिम जांच बाकी

इस विषय पर सरकार से लगातार बातचीत जारी है। स्टेडियम को बीसीसीआई को सौंपने की दिशा में अहम प्रक्रियाएं हो चुकी हैं। सरकार और बोर्ड के बीच कागजी कार्यवाही पूरी हो चुकी है। अब केवल कुछ जांच की प्रक्रिया शेष है। जैसे ही यह पूरी होगी, स्टेडियम बीसीसीआई के अधीन आ जाएगा।

- विजय शाह, डॉयरेक्टर, छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ


### स्टेडियम मिलने पर ही कर सकेंगे टेस्ट मैचों की मेजबानी

बीसीसीआई की रोटेशन पॉलिसी के तहत वनडे और टी-20 मुकाबले उन स्टेडियमों में भी कराए जा सकते हैं, जो बोर्ड के अधीन नहीं हैं, लेकिन टेस्ट मैचों की मेजबानी केवल उन्हीं स्टेडियमों को दी जाती है, जो बीसीसीआई को औपचारिक रूप से सौंपे गए हों।बीसीसीआई के संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया ने भी यह स्पष्ट किया है कि आईसीसी के नियमों के अनुसार, जो स्टेडियम रोटेशन पॉलिसी में शामिल नहीं होते, उन्हें प्राथमिकता नहीं दी जाती। स्टेडियम के बीसीसीआई को हस्तांतरित होने के बाद रायपुर को क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट टेस्ट, ▶▶|शेष पेज 5 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से लेंगे भाग



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह अगले सप्ताह मलेशिया में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे। मोदी ने फोन पर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को यह सूचना दी। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरे प्रिय मित्र, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई।

### प्रभावी कफ सिरप की बोतलें जब्त

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से मनःप्रभावी कफ सिरप की 91 बोतलें जब्त की हैं। कथित मादक पदार्थ तस्कर की पहचान सागोमसुंगफाम सोहेल (26) के रूप में हुई है। उसे बुधवार को उसके आवासीय इलाके खोमीदोक मायाई लीकाई से गिरफ्तार किया गया।

### स्कार्पियो खाई में गिरी तीन युवकों की मौत



**देहरादून।** उत्तराखंड के टिहरी जिले के नरेंद्रनगर क्षेत्र में पावकी देवी मार्ग पर एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार तीन युवकों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान विमल कण्डियाल (31), राहुल कलुड़ा (23) और आशीष कलुड़ा (26) के रूप में हुई है।

### पानी के गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में एक बच्ची की उसके घर के पास एक खाली भूखंड में बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान चेंगलपट्टू के पास, मांगडु स्थित जननी नगर की निवासी प्रेणिका श्री के रूप में हुई है। उसकी उम्र दो साल और दस महीने थी। मांगडु थाने के एक अधिकारी ने बताया, "घटना 22 अक्टूबर को अपराह्न करीब दो बजे हुई। जब बच्ची की मां, प्रियदर्शिनी (23) और बच्ची प्रेणिका सो रहे थे।

*महागठबंधन का बड़ा दांवः तेजस्वी और सहनी की जोड़ी से एनडीए को चुनौती*

# तेजस्वी होंगे महागठबंधन के सीएम चेहरा, दो उपमुख्यमंत्री भी बनेंगे

*बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन ने मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कई महीनों से चली अटकलों पर अब विराम लगा दिया है। गुरुवार को पटना के होटल मौर्य में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महागठबंधन के नेताओं ने साफ किया कि आगामी विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा और वे मुख्यमंत्री के उम्मीदवार होंगे। इसके अलावा मुकेश साहनी को डिप्टी सीएम फेस घोषित किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/पटना

- गहलोत ने किया ऐलान, पूछा- एनडीए का नेता कौन?

बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज होने के बीच आज महागठबंधन ने बड़ा ऐलान करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया है। साथ ही, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश साहनी को उपमुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया गया है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब विपक्षी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर खींचातानी मची हुई थी। साथी दलों के साथ ठीक से ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सबको साथ लेकर बनाऊंगा 'नया बिहार'

बिहार में महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कहा कि मौका मिलने पर वह सभी वर्गों को साथ लेकर 'नया बिहार' बनाएंगे तथा अगर 'तेजस्वी की परछाई' भी गलत काम करेगी, तो उसे सजा मिलेगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि गृह मंत्री अमित शाह ने यह फैसला कर लिया है कि अब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं होंगे तथा यह उनका आखिरी चुनाव होगा। महागठबंधन ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।



### यूथ कांग्रेस में उथल-पुथल : कृष्णा अल्लावरू की छुट्टी, मनीष शर्मा नए इंचार्ज

इसी बीच, कांग्रेस पार्टी ने यूथ कांग्रेस में बड़ा बदलाव किया है। कृष्णा अल्लावरू को यूथ कांग्रेस के इंचार्ज पद से हटा दिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसकी घोषणा की, और उनकी जगह पार्टी नेता मनीष शर्मा को नया इंचार्ज नियुक्त किया गया है। अल्लावरू, जो बिहार कांग्रेस के इंचार्ज भी हैं, को इस पद से हटाए जाने के पीछे पार्टी के आंतरिक मतभेद बताए जा रहे हैं।

### इधर, डिप्टी सीएम चौधरी बोले- लालू ने दबाव डालकर उम्मीदवार बनाया



बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद ने दबाव डालकर अपने बेटे तेजस्वी यादव को महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करवाया। भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चौधरी ने कहा कि आज लोकतंत्र और बिहार को शर्मसार करने वाला दिन है। उन्होंने आरोप लगाया, लालू यादव ने जैसे 15 साल तक बिहार में राज किया, वैसे ही अब अपने गठबंधन में गुंडागर्दी कर सभी सहयोगी दलों पर दबाव बनाकर अपने बेटे को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कराया है।" चौधरी ने कहा कि लालू यादव के शासनकाल में बिहार को "लूट, हत्या और भ्रष्टाचार" का इनाम मिला और अब पंजीकृत अपराधी का बेटा मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहा है।

# नए सीजेआई की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू, न्यायमूर्ति सूर्यकांत कतार में आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- 23 नवंबर को सेवानिवृत्त रहे गवई

केंद्र सरकार ने भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया गुरुवीर को शुरू कर दी। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ लोगों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करने के लिए कहने से संबंधित पत्र बृहस्पतिवार शाम या शुक्रवार तक मिल जाएगा। प्रक्रिया ज्ञापन के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय और ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ऐसी प्रक्रिया

केंद्रीय कानून मंत्री भारत के प्रधान न्यायाधीश से उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए "उचित समय पर" सिफारिश मांगेंगे। परंपरागत रूप से, सिफारिश मांगने संबंधी पत्र प्रधान न्यायाधीश के 65 साल की आयु होने पर सेवानिवृत्ति से एक महीने पहले भेजा जाता है।

### सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश

न्यायमूर्ति सूर्यकांत न्यायमूर्ति गवई के बाद उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं। भारतीय न्यायपालिका के अगले प्रमुख बनने की कतार में पहले पायदान पर हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की नियुक्ति को मंजूरी मिलती है तो वह 24 नवंबर को प्रधान न्यायाधीश का कार्यभार ग्रहण करेंगे और नौ फरवरी 2027 तक लगभग 15 महीने के लिए इस पद पर रहेंगे।

# 60 दवाओं के सैंपल फेल, इनमें छग का एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- लैब रिपोर्ट से खुले फार्मा कंपनियों के काले कारनामे

केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने सितंबर के लिए जारी अपने दवा संबंधी मासिक अलर्ट में विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्मित 52 नमूनों को 'मानक गुणवत्ता का नहीं' पाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके अलावा राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 60 दवा नमूनों की पहचान की है, जो 'मानक गुणवत्ता के नहीं' थे।



### उपभोक्ताओं के लिए चेतावनी

विशेषज्ञों ने कहा कि यह जरूरी है कि लोग दवाएं केवल पंजीकृत और प्रमाणित दवा दुकानों से ही खरीदें। सरकार का यह कदम देश में मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध दवा या गलत पैकेजिंग वाली दवा की तुरंत रिपोर्ट स्थानीय औषधि निरीक्षक को दें।

### छत्तीसगढ़ में नकली दवा की पहचान

इसके अलावा, सितंबर में छत्तीसगढ़ राज्य के एक नमूने की पहचान एक नकली दवा के रूप में की गई थी, जिसे एक अनधिकृत निर्माता द्वारा किसी अन्य कंपनी के स्वामित्व वाले ब्रांड नाम का उपयोग करके बनाया गया था। इस मामले की जांच की जा रही है, और अधिनियम एवं नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। एनएसक्यू और नकली दवाओं की पहचान करने की यह कार्रवाई राज्य नियामकों के सहयोग से नियमित रूप से की जाती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन दवाओं की पहचान की जाए और उन्हें बाजार से हटाया जाए।

एसआईटी कर रही जांच

## सबरीमाला गोल्ड चोरी केस मंदिर का पूर्व अफसर गिरफ्तार



**पथनमथिट्टा (केरल)।** सबरीमला मंदिर से सोना कथित तौर पर गायब होने की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बी. मुरारी बाबू को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों ने बताया कि सोना गायब होने के विवाद के बाद त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड द्वारा निलंबित किए गए बाबू को बुधवार रात चंगनास्सेरी स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में उन्हें पूछताछ के लिए तिरुवनंतपुरम स्थित अपराध शाखा कार्यालय ले जाया गया। बाबू के रिश्तेदार गुरुवार सुबह अपराध शाखा के कार्यालय पहुंचे।

दुबई से प्रत्यर्पित किया गया आरोपी

## 252 करोड़ की मेफेड्रोन तस्करी में मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 252 करोड़ रुपए के मेफेड्रोन जब्ती मामले में एक प्रमुख आरोपी को दुबई से प्रत्यर्पित किये जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि मोहम्मद सलीम मोहम्मद सोहेल शेख को कुछ दिन पहले दुबई में सहयोगी एजेंसियों ने हिरासत में लिया था और बाद में उसे मुंबई लाया गया। अधिकारी ने बताया कि शेख के खिलाफ एक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि शेख देशभर में मादक पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्रियां स्थापित करने की कोशिश कर रहा था।

डीएसी ने दी 79 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी

# अब थल-जल-वायु सेना की बढ़ेगी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से देश की पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान के साथ बने हुए तनाव के बीच गुरुवार का दिन सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता में कई गुना इजाफा करने वाला साबित हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के कार्यालय में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### यूं बढ़ेगी वायुसेना की ताकत

मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने बैठक में वायुसेना के लिए सहयोगी लंबी दूरी लक्ष्य पर निशाना साधने, विनाश प्रणाली (सीएलआरटीएस/ डीएस) और बाकी प्रस्तावों के लिए एओएन दिया गया है।



**सेना को मिलेगी नाग मिसाइलः** मंत्रालय ने बताया कि डीएसी द्वारा स्वीकृत किए गए सेना के सैन्य प्रस्तावों में नाग मिसाइल सिस्टम एमके-2, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ईएलआईएनटी सिस्टम, मटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ ही उच्च गति वाले पहियों की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति यानी एओएन प्रदान की गई है। नाग मिसाइल की मदद से सेना की शत्रु के लड़ाकू वाहनों, बंकरों और अन्य क्षेत्रीय किलेबंदी को निष्क्रिय करने की क्षमता बढ़ेगी।

### टॉरपीडो के रडार में होंगी दुश्मन की पनडुब्बियां

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की नौसेना विज्ञान-प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला द्वारा स्वदेश में विकसित एएलडब्ल्यूटी का शामिल होना पारंपरिक, परमाणु और छोटी पनडुब्बियों को निशाने बनाने में सुविधा प्रदान करेगा।



## चिंतन

# एक बार फिर बेनकाब हो गया पाक की झूठ

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल ही में सैन्य संघर्ष देखने को मिला था। इसके बाद पाकिस्तान ने बड़ी-बड़ी डींगें हांकते हुए ऐलान किया कि उसने टीटीपी की कमर तोड़ दी है। संघर्ष विराम से पहले ही टीटीपी की चूलें हिला दी गई थी। आपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने ऐसे ही दावे किए थे। अमेरिका के सामने युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाने वाले पाक हुक्मरान युद्ध खत्म होते ही जीत के दावे करने लगे थे। आनन-फानन में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत कर दिया गया ताकि आवाम को लगे कि पाक ने जीत दर्ज की है, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद जब भारत के हमलों के बाद हुए पाक सैन्य ठिकानों की तस्वीरें सामने आने लगी तो पाकिस्तानी नेताओं के झूठ की पोल खुल गई। ऐसा ही टीटीपी को लेकर भी हो रहा है। टीटीपी की कमर तोड़ने का दावा करने वाले पाकिस्तान के एक बड़े हिस्से पर इस आतंकी संगठन ने अपना शिकंजा कस दिया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वां प्रांत की राजधानी पेशावर में न सिर्फ टीटीपी के लोग खुलकर घूम रहे हैं बल्कि सड़कों पर चेकपोस्ट भी बना लिए हैं। पेशावर के पास से ऐसे कथित वीडियो सामने आए हैं, जिसमें टीटीपी लड़ाके सड़कों पर चौकियां बना रहे हैं। इससे पता चलता है कि इस इलाके में पाकिस्तान की सरकार और सेना का पूर्ण नियंत्रण नहीं है। पेशावर के आसपास के इलाकों में न पाकिस्तानी सेना है और न ही पुलिस। यहां टीटीपी के लड़ाके ही सब कंट्रोल कर रहे हैं। यहां पाक सरकार नकारा साबित हो चुकी है। टीटीपी तो क्या आम नागरिक भी सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उनका समर्थन भी टीटीपी के साथ नजर आ रहा है। असल में पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक इलाका पड़ता है। नाम है फेडरली एडमिनिस्ट्रेटेड ट्राइबल एरियाज़ जिससे पता चलता है यहां ट्राइबल ज्यादा रहते हैं। पश्तून कबीलों की संख्या यहां ज्यादा है। बाजौर, मोहम्मद, खैबर, ओऱकज़ई, कुर्रम जैसे जिले यहां पड़ते हैं। अफगानिस्तान से यह इलाका सटा हुआ है। अब पाकिस्तान का हिस्सा है लेकिन 2018 के पहले ऐसा नहीं था। यह सेमी-ऑटोनोमस हुआ करता था। यानी पूरी तरह पाकिस्तान के कानून यहां नहीं चलते थे। कबीलाई राज था यहां। वे अपने कानूनों के मुताबिक़ फैसले लेते थे। यहीं से टीटीपी की शुरुआत हुई। यह इलाका अफगानिस्तान से सटा हुआ है। इसलिए वहां हुई किसी भी हलचल का असर यहां पड़ता है। अमेरिका के नेतृत्व में जब नाटो सेना अफगानिस्तान में घुसी तब, अफगान तालिबान, अलक़ायदा और दूसरे चरमपंथी संगठन वहां से भागे। ये सब बॉर्डर क्रॉस करके यहां घुसे थे। उस समय पाकिस्तान में परवेज मुशर्रफ की सरकार थी। अमेरिका ने मुशर्रफ पर दबाव बनाया, पैसे भी दिए तो मजबूरन मुशर्रफ को पाक सेना भेजनी पड़ी। इससे इन कबीलों में नाराज़गी हुई। वहां की जनता भी सरकार से नाराज़ हुई। चरमपंथी संगठनों ने इस नाराज़गी को हवा दी। उन्होंने आम लोगों को लड़ने के लिए उकसाया। जो उनके साथ नहीं आए, उन्हें रास्ते से हटा दिया गया। इसके बाद इन गुटों ने आपस में मिलकर पाक आर्मी के ख़िलाफ़ मिलकर लड़ना शुरू किया। अब ये संगठन इतना ताकतवर हो गया है कि पाकिस्तान आर्मी से मुकाबला करने लगा है। ये अपना कानून चला रहे हैं। कहने को तो पाक पुलिस भी वहां है, लेकिन केवल दिखावे मात्र के लिए। आदेश टीटीपी के ही चलते हैं। हालात ऐसे ही कि ये हिस्सा कभी भी पाक से अलग हो सकता है। दूसरे के लिए कुआं खोदने वाले का ऐसा ही अंजाम होता है।



**अनदेखी**
ज्ञानेन्द्र रावत

# गर्व से कहो, प्रदूषण के बादशाह हैं हम

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फिर फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ। जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई।

अभी दो दिन ही बीते हैं दिवाली को कि दुनिया में हमारे देश की राजधानी दिल्ली ने प्रदूषण के मामले में कीर्तिमान बनाकर यह साबित कर दिया है कि भले हमारी सर्वोच्च अदालत कुछ भी कहे, वह लाख निर्देश दे लेकिन हम नहीं सुधरेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फिर फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ।

जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। उसी का नतीजा रहा कि इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई। यह हालात अकेले देश की राजधानी दिल्ली के ही नहीं रहे, कमोबेश पूरा देश इसका शिकार हुआ है। दुख तो इस बात का है कि जब वायु गुणवत्ता सूचकांक की बात की जाती है तो इस पर खेद व्यक्त करने की जगह हमारे देश के भावी कर्णधार कहें या पुरोधा गर्व से यह कहते हैं कि- 'पटाखे तो ऐसे ही चलेंगे। पटाखे चलाने से कुत्ते डर जाते हैं। ऐसे लोगों के पेट में दर्द होता है। वायु प्रदूषण पर कुत्ते तो भौंकते ही रहते हैं, ऐसे लोगों को आगे देखेंगे, उनको सबक सिखाना पड़ेगा। ये कुत्ते तब नहीं बोलते, जब ईद पर लाखों बकरे कुरबानी के नाम पर मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। तब प्रकृति प्रेमी नहीं बोलते। जज साहब ने आज तक ज्ञान नहीं दिया कि कितने बकरे काटे जाने चाहिए। बकरों का काटा जाना और दावतें उड़ाना इनके लिए आनंद का विषय है। इन्हें दीपावली पर वायु प्रदूषण और होली पर जल प्रदूषण दिखाई देता है।' दरअसल यहां इस प्रकरण का हवाला देने का एकमात्र मकसद यह था कि ऐसा अलवर में एक प्रकृति प्रेमी द्वारा वायु गुणवत्ता सूचकांक के सीमा से अधिक बढ़ने पर खेद जताने पर उसे देश के पुरोधाओं द्वारा सोशल मीडिया पर ऐसी सम्मानजनक टिप्पणी और देख लेने की धमकियां तक दी गई। कहने का आशय मात्र यह है कि वायु प्रदूषण पर दुख व्यक्त करने पर लोगों की इस तरह की सोच है, उस हालत में वायु प्रदूषण से मुक्ति की आशा कैसे संभव है। ऐसे लोगों को न जनता के स्वास्थ्य की चिंता है,न पर्यावरण की और न देश की सुप्रीम कोर्ट की। ऐसे लोगों से देशहित की आशा करना ही बेमानी है। दरअसल ग्रीन पटाखों से वायु प्रदूषण कम करने का दावा तो फुस्स हो ही चुका है क्योंकि यदि ग्रीन पटाखे चले होते तो प्रदूषण 50 फीसदी तक कम होता लेकिन हुआ उसके बिल्कुल उलट। स्थिति यह रही कि प्रतिबंधित पटाखे न केवल खूब बिके बल्कि खुलेआम चले भी और जिस पुलिस पर इनके रोकथाम की जिम्मेवारी थी, वह ऐसा होते देखती रही या यूं कहें कि उसने कमाई के चक्कर में अपनी आंखें मूंद लीं। नतीजतन पटाखे 40 फीसदी ज्यादा बिके और दिल्लीवासी जहरीली हवा में सांस लेने को विवश हुए। हालात गवाह हैं कि दिल्ली में इस बार पिछले सालो के मुकाबले प्रदूषण सबसे ज्यादा रहा। सीएसआईआर भी इसकी पुष्टि करता है। यह पटाखों की



गुणवत्ता तय मानक के अनुरूप रहे, इस पर अंकुश पर निर्भर करता है। ऐसी स्थिति में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अमिताभ कांत का आशावाद बिल्कुल बेमानी है कि जब लास ऐंजिलिस,बीजिंग और लंदन प्रदूषण कम कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं। उनका यह कहना कि दिल्ली की हवा बेहद खराब है। 38 में से 36 निगरानी केन्द्र रेड जोन में हैं और दिल्ली के प्रमुख इलाकों में एक्यूआई 400 के पार है। सुप्रीम कोर्ट ने समझदारी दिखाते हुए पटाखे जलाने के अधिकार को जीने और सांस लेने के अधिकार से ऊपर रखा है। इससे बचने के लिए और लगातार इस दिशा में काम करने और सख्ती से पहल करने की जरूरत है। इसके लिए एकीकृत कार्य योजना बेहद जरूरी है। उनकी राय है कि फसल और बायोमास जलाना बंद करना चाहिए। थर्मल पावर प्लांट और ईंट भट्टों को बंद करना चाहिए या फिर उनको क्लीन टेक से माडर्न बनाना चाहिए। 2030 तक सभी ट्रांसपोर्ट को इलेक्ट्रिक में बदलना,कंस्ट्रक्शन की धूल पर सख्ती बरतना,कचरे को पूरी तरह अलग करना और प्रोसेसिंग को जरूरी बनाना होगा। दिल्ली को ग्रीन, पैदल चलने लायक बनाना होगा। ट्रांजिट पर फोकस करने के हिसाब से कार्ययोजना बनाकर फिर से डिजाइन करनी होगी। तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। सीपीसीबी की मानें तो देश के 200 से ज्यादा शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा है। इनमें नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ जैसे शहर सर्वाधिक प्रभावित रहे। प्रदूषण बढ़ने से अस्पतालों में आंखों में जलन, गले में खराश,गले में दर्द की समस्या,सांस लेने में परेशानी,ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों का तांता लगा रहा। हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा है। पीएम 10 व पीएम 2.5 के कण फेफड़े में प्रवेश करने से सूजन बढ़ने के मरीज बढ़े। पीएम 2.5 बढ़ने से धमनियों में ब्लाकेज का खतरा बढ़ जाता है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने तथा सांस लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रदूषण से 8 से 18 फीसदी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है और कभी-कभार जानलेवा भी साबित हो जाता है। यह सब ग्रीन पटाखों की अनदेखी का परिणाम है। जबकि ग्रीन पटाखों से पीएम कण 30 फीसदी व हानिकारक गैसें दस फीसदी कम उत्सर्जित होती हैं। ऐसी स्थिति में घर के बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, पुराने रोगी और बच्चे घर में ही रहें। पर्याप्त पानी पियें। खानपान में कोल्डड्रिंक, ठंडी,खट्टी चीजों का परहेज करें। आवश्यक हो तो मास्क पहनकर बाहर जायें। गले में खराश होने पर गरारे करें और नाक जाम होने पर सुबह शाम भाप लें। पौष्टिक आहार लें व आंवले का सेवन करें। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। आने वाले समय में पराली हमारे जीवन की प्रत्याशा पर ग्रहण लगाने वाली है। इसीलिए यह याद रखें कि सतर्कता ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी और बचाव की प्रमुख विधि है। इसमें दो राय नहीं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**सियासत**
डॉ. मोनिका शर्मा



# जापान की पहली महिला पीएम सकारात्मक बदलाव की आशा

दुनियाभर में चल रही राजनीतिक उठापटक के बीच पहली बार जापान की सत्ता की कमान एक महिला प्रधानमंत्री को मिली है। ध्यातव्य है कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख 64 वर्षीय साने ताकाइची जापान की प्रधानमंत्री के रूप में शिगेरु इशिबा की जगह लेने जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर चल रही गठबंधन की राजनीति के इस दौर में एक नए सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी के साथ गठबंधन के बाद जापान में कुछ समय से चल रहा राजनीतिक संकट समाप्त हुआ है। माना जा रहा है कि यह सत्तारूढ़ गठबंधन दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर झुकाव रखने वाला होगा। हालांकि जापान के लिए उनका सत्तासीन होना एक ऐतिहासिक घटना है। जापान को 104वीं प्रधानमंत्री के रूप में इतिहास में पहली बार एक महिला प्रधानमंत्री मिली हैं। असल में लंबे समय जापान के सियासी पटल पर सक्रिय रहीं साने ताकाइची आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता जैसे क्षेत्रों में कार्य कर चुकी हैं। वे जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। हालिया चुनावों में उनकी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने और गठबंधन टूटने के कारण वहां नई सरकार को लेकर एक अनिश्चितता बन गई थी। ऐसे में ताकाइची ने मजबूत नेतृत्व और शासकीय स्थिरता का भरोसा देते हुए प्रधानमंत्री का पद हासिल किया है। ज्ञात हो कि चार महीने पहले लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की करारी हार के बाद से ही वहां राजनीतिक शून्यता और उलझाऊ स्थितियां बनी हुई थीं। निस्संदेह, एक महिला प्रधानमंत्री के रूप में वे जापान को नई दिशा देने का प्रयास करेंगी। देश के एक आम परिवार से आने वाली ताकाइची के परिवार की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। जापान के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शिष्या रहीं ताकाइची 10 बार सांसद चुनी गईं हैं। यही वजह है कि साने ताकाइची ने आर्थिक मोर्चे पर पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की एबेनोमिक्स नीति को बल देने की बात भी कही है। इस नीति के अंतर्गत वे कर-कटौती और सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर विकास को गति देने वाला दृष्टिकोण रखती हैं। जापान जैसे विकसित देश में एक महिला का प्रधानमंत्री पद पर पहुंचना ऐसे कई मोर्चों पर बदलाव लाने वाला माना जा रहा है। ज्ञात हो कि ताकाइची राजनीतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मसलों पर स्पष्ट और मजबूत राय रखती आई हैं। विशेषकर जापान की सुरक्षा-नीति को सशक्त बनाने की हिमायती रही हैं। उनके विचारों को आमजन का समर्थन भी मिलता रहा है। जापान में ताकाइची को आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है।

जापान की राजधानी टोक्यो की सड़कों पर उतरे नागरिकों ने ताकाइची प्रधानमंत्री बनने का स्वागत किया। वहां की स्त्रियों ने इसे नए युग की शुरुआत बताया है। जापान के राजनीतिक परिदृश्य में ताकाइची की पहचान एक दक्षिणपंथी नेता के रूप में बनी हुई है। वे राजनीतिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर ही नहीं सामाजिक-पारिवारिक विषयों पर भी पारंपरिक विचार रखती है। समान-लिंग विवाह और विवाहित दंपतियों के अलग-अलग उपनाम रखने जैसे मुद्दों का विरोध करती हैं। आप्रवासन पर कड़ा रुख रखने वाली ताकाइची ने यह भी कहा है कि नियम तोड़ने वाले आगंतुकों और अप्रवासियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विचारणीय है कि जापान में हुए सत्ता परिवर्तन से भारत पर भी असर पड़ेगा। भारत और जापान लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी, सशक्त आर्थिक सहयोग और सामाजिक-सांस्कृतिक विनिमय के धरातल पर जुड़े हुए हैं। जापान की कई बड़ी कम्पनियों की उत्पादन इकाइयां भारत में स्थापित हैं। दोनों देशों के बीच पुख्ता आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक संबंध हैं ।

इतना ही नहीं, दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग का भी मजबूत गठजोड़ है। बौद्ध धर्म के माध्यम से देखा जाए तो भारत और जापान के सभ्यतागत संबंध बरसों पुराने हैं। आपसी सामंजस्य और जुड़ाव के ये सभी पक्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की सत्ता संभालने वाली महिला प्रधानमंत्री साने ताकाइची को बधाई देते हुए दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी जापान यात्रा के दौरान टोक्यो में 15वें भारत-जापान आर्थिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा भी था कि 'भारत की विकास यात्रा में जापान एक अहम भागीदार है।' ऐसे में साने ताकाइची का सत्ता संभालना भारत और जापान केलिए बहुत से मोर्चों पर मजबूत साझेदारी का मार्ग प्रशस्त करेगा। तकनीक, व्यवसाय, सुरक्षा और संस्कृति हर स्तर पर यह जुड़ाव और बेहतर होने की आशा है ।

( लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ज्ञान के सच्चे अधिकारी जनक



संकलित
**दर्शन**

याज्ञवल्क्य ब्रह्मज्ञानी थे। उनके ज्ञान की चर्चा दूर-दूर तक फैली हुई थी। बड़े-बड़े राजा और संत-महात्मा उपदेश ग्रहण करने के लिए उनके पास आया करते थे। वे बिना किसी भेदभाव के सबको उपदेश देते थे। महाराज जनक भी उनका उपदेश सुनने के लिए उनके आश्रम में आते थे। जनक के प्रति याज्ञवल्क्य के अधिक झुकाव को देखकर ऋषियों-मुनियों के मन में विकार पैदा हो गया। वे मन-ही-मन सोचने लगे, 'याज्ञवल्क्य महान ज्ञानी हैं। वेदों-उपनिषदों पर उपदेश देते हैं, फिर भी छोटे-बड़े का भेद करते हैं। जब तक जनक नहीं आ जाते, वे उपदेश आरंभ नहीं करते। वे जनक का आदर भी हम सबसे अधिक करते हैं। याज्ञवल्क्य को जब ऋषि-मुनियों के मन की बात मालूम हुई, तो उन्होंने उनके भ्रम को दूर करने का निश्चय किया। उस भ्रम को दूर करने के लिए उन्होंने अपनी योग शक्ति से एक नाटक रचा। उपदेश सभा में ऋषि-मुनि बैठे थे। जनक भी अपने आसन पर विराजमान थे। सहसा कुछ लोग दौड़ते हुए आए और ऋषियों-मुनियों को पुकारकर बोले, 'ऋषियों-मुनियों, तुम्हारी कुटियों में आग लगी हुई है। तुम्हारा सारा सामान आग में जल रहा है। आग लगने की खबर सुनते ही समस्त ऋषि-मुनि उपदेश सुनना छोड़कर भाग खड़े हुए। वे सब दौड़कर अपनी कुटियों में गए, लेकिन वहां कुछ नहीं था, क्योंकि वह तो याज्ञवल्क्य की योग-शक्ति का नाटक था। ऋषि-मुनि पुनः उपदेश सभा में आकर बैठे और उपदेश सुनने लगे। उधर जनक के राजभवन से भी दौड़ता हुआ एक दूत पहुंचा और उसने जनक को पुकारकर कहा, महाराज, राजभवन में आग लगी हुई है। पर जनक अविचलित भाव से उपदेश सुनते रहे।

## हर मुद्रा एक अलग भाव



संकलित
**प्रेरणा**

यदि आत्मा तक पहुंचना है, सूक्ष्म तत्व तक पहुंचना है, अस्तित्व तक पहुंचना है, तो इसी यात्रा पथ पर चलना होगा। इसी क्रम से चलना होगा। आप यह मान लें कि उस परम सत्ता को, परम अस्तित्व को, चैतन्य को, जो अमूर्त है, सूक्ष्म है, हमारे चर्म-चक्षुओं का विषय नहीं है, उसे हम देख लें- यह कहना और ऐसा समझना बहुत बड़ी भ्रांति होगी। इसका पहला अर्थ है- मन के द्वारा श्वास के स्पंदनों को देखें। इसका दूसरा अर्थ है-मन के द्वारा शरीर के प्रकंपनों को, संवेदनों को देखें। इसका तीसरा अर्थ है- विचारों को देखें। इस स्थिति तक पहुंच जाने पर आभामंडल स्पष्ट हो जाता है। अंतर्मन की इस यात्रा से हम सब प्रकार की आसक्ति से मुक्त हो जाते हैं। जब हम आसक्ति से मुक्त होते हैं, तब जीवन सुखमय होता है। श्वास का स्पर्श किए बिना, श्वास को देखे बिना शरीर को ठीक तरह से समझ नहीं सकते, देख नहीं सकते। शरीर को देखे बिना मन को नहीं देख सकते। मन को देखे बिना आभामंडल को नहीं देख सकते। आभामंडल को देखे बिना प्राण को नहीं देख सकते और प्राण को देखे बिना उस चैतन्य तक नहीं पहुंच सकते, जहां हमें पहुंचना है। यह पूरा-का-पूरा यात्रा पथ है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**सड़कों पर गिर रहे वाहन चालक**

रायपुर से पुराना धमतरी के लिए नई सड़क का निर्माण किया गया है। कुछ साल में ही सड़क खराब हो गई है। सड़क का डामर पिछलकर कहीं अप, कही डाउन हो गया। ऐसे में सेजबहार से लेकर बोरिया तक वाहन चलाने वालों को काफी दिक्क्तें हो रही हैं। दुपहिया सवार आए दिन हादसे के शिकार हो रहे हैं। सड़क और विभाग सड़क बनाकर भूल गया। इस रोड पर कई शिक्षण संस्थान भी है। ऐसे में रहवासियों के अलावा छात्र-छात्राओं का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

*- शाहीन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### आवासीय परिसर



गांधीनगर में विधायकों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इस आवासीय परिसर में गुजरात विधानसभा के सदस्य एक ही परिसर में रह सकेंगे, जिससे जनप्रतिनिधियों और लोगों के बीच संवाद और भी सुगम होगा।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**


### अमृत रेलवे स्टेशन



10 वर्षों में रेलवे में एनडीए सरकार ने दस गुना ज़्यादा बजट दिया है। 20 वंदे भारत ट्रेन और 26 अमृत भारत ट्रेन बिहार से गुजरती हैं। 98 नए अमृत रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट की तरह चमचमा रहे हैं।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**


### तैयारियों का जायजा



छठ महापर्व के पूर्व झुमरी छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो, इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### चिटनिस के निधन से दुःख



दूरदर्शी वैज्ञानिक और संस्थान निर्माता प्रो. ई.वी. चिटनिस के निधन से अत्यंत दुःख हुआ, जिन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान ने वैज्ञानिक नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर


### मौजूदा समय में शांति अभियान जटिलताओं का सामना कर रहे



एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बृहस्पतिवार को कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से बहुआयामी और सीमाहीन होते जा रहे हैं और आजकल संघर्षों में संयुक्त रूप से देशों की सेनाएं, मिलिशिया और आतंकवादी समूह शामिल होते हैं, जिससे शांति अभियान अभूतपूर्व स्तर पर जटिल हो जाते हैं। नयी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि इस बात पर मंथन करने की जरूरत है कि शांति स्थापना और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को आधुनिक वास्तविकताओं के अनुरूप कैसे ढाला जाए। उन्होंने कहा, हम वैश्विक भू-राजनीति में एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की व्यवस्था, जो सामूहिक उत्तरदायित्व, साझा मानदंडों और मानवीय मूल्यों पर आधारित थी, अब अत्यधिक दबाव में है। सीआईएससी ने रेखांकित किया कि दुनिया का लगभग एक-चौथाई हिस्सा संघर्ष प्रभावित है और आज दुनिया भर में 61 संघर्ष चल रहे हैं, जो 1946 के बाद से सबसे अधिक संख्या है। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र और अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति के सहयोग से 23 और 24 अक्टूबर को 'संघर्षरत विश्व में शांति स्थापना और मानवीय अनिवार्यता को आगे बढ़ाना' विषय पर 'यूएसआई संयुक्त राष्ट्र वार्षिक फोरम' का आयोजन किया जा रहा है।

## ऑफ बीट

### भारतीय कंपनियों का राजस्व तिमाही में मामूली बढ़ा



भारतीय कंपनियों का राजस्व जुलाई-सितंबर तिमाही में छह प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह बात कही गई। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर की अवधि के दौरान परिचालन लाभ मुनाफे में सालाना आधार पर 0.60 प्रतिशत तक की कमी आई है। एजेंसी ने कहा, बिजली, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी सेवा और इस्पात क्षेत्रों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जुलाई-सितंबर तिमाही में कॉरपोरेट राजस्व में सालाना आधार पर मामूली पांच से छह प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के लिए एजेंसी ने 600 कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण किया और कहा कि धीमी वृद्धि दर्ज करने वाली इन क्षेत्रों की कंपनियों का कुल राजस्व में एक-तिहाई योगदान है। इसमें कहा गया कि क्रमिक रूप से जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान राजस्व वृद्धि पूर्ववर्ती अप्रैल-जून तिमाही की तुलना में एक प्रतिशत अधिक होगी। लाभप्रदता के दृष्टिकोण से इसमें कहा गया कि मोटर वाहन, औषधि और एल्युमीनियम क्षेत्रों में कंपनियों को बढ़ी हुई लागत का पूरा भार ग्राहकों पर डालने में कठिनाई हुई तथा परिचालन लाभ मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 0.50-1 प्रतिशत कम होने का अनुमान है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# प्रदूषण से निपटने के लिए राजधानी दिल्ली में 29 को कृत्रिम बारिश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण से निपटने के लिए अब कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) का सहारा लिया जाएगा। विशेषज्ञों ने बुराड़ी क्षेत्र में क्लाउड सीडिंग का सफल परीक्षण किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 28, 29 और 30 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में बादलों की पर्याप्त उपस्थिति की संभावना है। यदि मौसम की परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो 29 अक्टूबर को दिल्ली पहली कृत्रिम बारिश का अनुभव कर सकती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर घोषणा की कि राजधानी में पहली बार क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम वर्षा) कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदूषण से निपटने के लिए ऐतिहासिक पहल की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।।

### ऐसे होगी यह 'कृत्रिम बारिश'

*कृत्रिम बारिश के लिए पाइरोटेक्निक नामक विशेष तकनीक का उपयोग किया जाएगा। एयरक्राफ्ट की दोनों विंड्स (पंखों) के नीचे 8 से 10 पॉकेट (पाइरोटेक्निक फ्लेयर्स) रखी गई हैं, जिनके माध्यम से क्लाउड सीडिंग को अंजाम दिया जाएगा। एयरक्राफ्ट में मौजूद बटन दबाकर इन पॉकेट में रखे केमिकल्स को बादलों के नीचे ब्लास्ट किया जाएगा।*



**मौसम विशेषज्ञों ने किया बुराड़ी में क्लाउड सीडिंग का टेस्ट सफल**

### 100 किमी की रेंज में दिखेगा असर

*इस तकनीक में फ्लेयर्स निकलती हैं जो नीचे से ऊपर की ओर बादलों के साथ रिएक्ट करती हैं और संघनन (कंडेंशन) को बढ़ाकर बारिश कराती हैं। इस क्लाउड सीडिंग का असर लगभग 100 किलोमीटर की रेंज में महसूस होने की संभावना है, जिससे दिल्ली-एनसीआर को प्रदूषण से राहत मिल सकती है।*

## दिवाली के बाद से दुनिया में सबसे खराब है दिल्ली की हवा

दिवाली बाद से दिल्ली देश ही नहीं, दुनियाभर में सबसे प्रदूषित शहर बना हुआ है। अमेरिकी सिस्टम पर दुनियाभर के शहरों को आंकने वाली संस्था IQ एयर के इस डेटा में कोलकाता दूसरे और ढाका तीसरे नंबर पर है। सोमवार को दिवाली रात हुई आतिशबाजी के बाद प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। वहीं, हवाएं इस समय कमजोर हैं। इस वजह से प्रदूषण जस-का-तस एक जगह बना हुआ है। सुबह-शाम स्मॉग की चादर मोटी दिख रही है। अगले तीन दिनों तक यही स्थिति बनी रह सकती है। मंगलवार के मुकाबले दिल्ली में प्रदूषण 2 अंक बढ़ा। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने दावा किया कि इस बार दिवाली में पटाखे फूटने के बावजूद प्रदूषण कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में दिवाली वाले दिन जैसा प्रदूषण था, वह हमारे कार्यकाल में बढ़ा नहीं, बल्कि कम हुआ है।

## लगातार तीसरे दिन बहुत खराब श्रेणी में एक्यूआई

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई तथा हवा की गति कम होना इसकी बड़ी वजह रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के अनुसार, बुधवार शाम चार बजे शहर का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 353 रहा। यह इस मौसम में अब तक का सबसे अधिक दर्ज किया गया एक्यूआई है। एक्यूआई मंगलवार को 351 और सोमवार को 345 था। दिन के समय दिल्ली में धुंध छाई रही और हवा की गति सात किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक नहीं रही।

---

## आनंद मोहन के बेटे के पास 96 लाख तो शहाबुद्दीन के बेटे के पास 66 लाख नकदी

# चेतन, ओसामा, शिवानी... चुनावी दंगल में उतरे बिहार के बाहुबली हैं बहुत अमीर

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में कई बाहुबली नेताओं के बेटे-बेटियां चुनावी दंगल में हैं। अगर कुछ नामों पर नजर दौड़ाएं तो शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब, मुन्ना शुक्ला की बेटी शिवानी शुक्ला, आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद और प्रभुनाथ सिंह के बेटे रंधीर सिंह इस लिस्ट में बड़े नाम हैं। इसके अलावा सुनीत पांडे के बेटे विशाल प्रशांत भी इस लिस्ट में शामिल हैं। इन नेताओं की राजनीतिक वंशावली के अलावा इनकी दौलत भी एक ऐसा मुद्दा है जिस पर जनता की नजर है।

### ओसामा शहाब

बिहार के चर्चित दबंग नेताओं में से एक रहे शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब इस बार रघुनाथपुर सीट से आरजेडी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। अपने हलफनामे में उन्होंने अपनी संपत्ति का ब्यौरा दिया है। ओसामा शहाब की एफिडेविट के अनुसार उनके पास 66 लाख 38 हजार 867 रुपये की चल तथा 1 करोड़ 45 लाख की अचल संपत्ति है।

**बिहार में अगले महीने होने हैं विधानसभा चुनाव**

**6 व 11 नवंबर को दो चरणों में होंगे मतदान**




### विशाल प्रशांत

बिहार के तरारी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे विशाल प्रशांत बाहुबली नेता सुनील पांडे के बेटे हैं। उनके पिता सुनील पांडे चार बार विधायक रहे हैं। विशाल प्रशांत ने अपने हलफनामें में अपनी चल संपत्ति 1 करोड़ 72 लाख व 2 करोड़ 20 लाख 77 हजार की अचल संपत्ति बताई है।

### शिवानी शुक्ला

बिहार के एक और बाहुबली रहे मुन्ना शुक्ला की 28 वर्षीय बेटी शिवानी शुक्ला लालगंज सीट से चुनाव लड़ रही हैं। वे लंदन में पढ़ी-लिखी हैं। मुन्ना शुक्ला अभी जेल में बंद हैं। उनके एफिडेविट के मुताबिक उनके पास 21 लाख 28 हजार की चल संपत्ति है, जबकि उनके पति वरुण तिवारी के पास मात्र 2 लाख की चल संपत्ति है। शिवानी शुक्ला के नाम कोई अचल संपत्ति नहीं है। लेकिन शिवानी शुक्ला ने अपने ऊपर 36 लाख 57 हजार रुपये का कर्ज दिखाया है। उनके पति पर भी 1 लाख 51 हजार का बैंक लोन है।

### चेतन आनंद

बिहार के एक और बाहुबली नेता आनंद मोहन और लवली आनंद के बेटे चेतन आनंद जेडीयू के टिकट पर नवीनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। नगदी, एफडी, ज्वेलरी जैसे चल संपत्ति की बात करें तो इनके पास कुल संपत्ति 96 लाख 89 हजार रुपये है। इनकी पत्नी आयुषी सिंह के पास 67 लाख 60 हजार की चल संपत्ति है। चेतन आनंद के पास अचल संपत्ति के रूप में 50 लाख रुपये की जमीन है। इनकी पत्नी के पास अचल संपत्ति नहीं है।

### रंधीर सिंह

बिहार के एक और बाहुबली नेता प्रभुनाथ सिंह के बेटे रंधीर सिंह मांझी विधानसभा सीट से जदयू की सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। रंधीर सिंह के पास पास 38 लाख 59 हजार की चल संपत्ति है। उनकी पत्नी के पास 33 लाख 64 हजार रुपये की चल संपत्ति है। इसमें गहने, ज्वैलरी बैंक बैलेंस शामिल है। रंधीर के पास 1 करोड़ 37 लाख 94 हजार की अचल संपत्ति है।

### जदयू के पुष्पंजय सबसे अमीर, माले के क्यामुद्दीन सबसे गरीब उम्मीदवार

शपथ पत्र के मुताबिक, बरबीघा से जदयू के कुमार पुष्पंजय सबसे अमीर, जबकि आरा विस से माले के क्यामुद्दीन अंसारी सबसे गरीब उम्मीदवार हैं। कुमार पुष्पंजय के पास कुल 71.57 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है। क्यामुद्दीन के पास मात्र 37 हजार रुपये की चल संपत्ति है। उनके, पत्नी या परिजनों के नाम पर कोई अचल संपत्ति नहीं है। करोड़पतियों की सूची में एनडीए के सबसे अधिक 92 उम्मीदवार, जबकि महागठबंधन के 86 उम्मीदवारों का नाम है। लखपति 64 उम्मीदवारों में 35 इंडिया, जबकि 29 एनडीए गठबंधन से जुड़े हैं। इंडिया के 35 लखपतियों में 14 वाम दल के उम्मीदवार हैं।

---

*जीविका दीदी वाले वादे पर साधा निशाना*

# तेजस्वी चांद-तारे तोड़ लाने की बात कर रहे : नीतीश

एजेंसी ▸▸ पटना



बिहार विधानसभा चुनाव के बीच जीविका योजना को लेकर वादों और दावों का दौर चल पड़ा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव के जीविका दीदी को लेकर किए गए चुनावी वादे पर तंज कसा है। सीएम ने गुरुवार को कहा कि वो चांद तारे तोड़ लाने के लिए बात कर रहे हैं। जीविका दीदियों और बिहार की महिलाओं का हितैषी दिखने की कोशिश कर रहे हैं। मगर सच यह है कि जीविका दीदियों के नाम पर ये लोग अपने परिवार की आजीविका तलाश रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक लंबा सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया। इसमें आरजेडी और तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना सीएम ने कहा कि बिहार की जनता ने इन लोगों को भी मौका दिया था लेकिन तब इनका ध्यान सेवा करने से ज्यादा मेवा खाने पर लगा हुआ था। इनके कार्यकाल में महिलाओं का विकास सिर्फ इनके परिवार तक ही सीमित था। इन लोगों के राज में बिहार की महिलाओं ने जो दुख- दर्द और जंगलराज का दंश झेला है, वह किसी से छिपा नहीं है।



### तेजस्वी का वादा

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को जीविका दीदियों को लेकर बड़ा चुनावी वादा किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर जीविका दीदियों को स्थायी नौकरी दी जाएगी और उन्हें हर महीने 30000 रुपये वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने जीविका दीदियों के लिए 5 लाख रुपये का बीमा और 2000 रुपये अलग से भत्ता देने का भी वादा किया।

---

# नशे में धुत भारतीय ने ट्रक से 3 को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

**अमेरिका से आया दिल दहलाने वाला वीडियो**



अमेरिका के कैलिफोर्निया से एक दिल-दहलाने वाला वीडियो सामने आया है। यहां एक ट्रक ड्राइवर ने तेज रफ्तार से कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे कई गाड़ियाँ पूरी तरह तबाह हो गईं। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना का पूरा वीडियो ट्रक में लगे डैशकैम से रिकॉर्ड हुआ है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोपी का नाम जशनप्रीत सिंह बताया जा रहा है। आरोप हैं कि जशनप्रीत एक अवैध प्रवासी था, जो 2022 में अमेरिका में प्रवेश किया था। इस घटना के बाद अमेरिका में अवैध प्रवासियों का मुद्दा फिर से गर्म हो गया है और सोशल मीडिया पर कई लोग इस हादसे के लिए जो बाइडेन की प्रवासन नीति को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

# 'मंदिर के पुजारी का किसी विशेष जाति या वंश से होना जरूरी नहीं'

## हाई कोर्ट का अहम फैसला

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

केरल हाई कोर्ट ने मंदिर में पुजारी की नियुक्ति को लेकर अहम फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने कहा कि कोई भी इस बात पर जोर नहीं दे सकता कि मंदिर के पुजारी की नियुक्ति केवल एक विशेष जाति या वंश से ही हो सकती है। कोर्ट ने इसके साथ ही जोड़ा कि ऐसी जाति या वंश-आधारित नियुक्ति भारत के संविधान के तहत किसी भी संरक्षण प्रदान करने के लिए एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस राजा विजयराघवन वी और जस्टिस केवी जयकुमार की खंडपीठ ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड और केरल देवस्वोम भर्ती बोर्ड के उस फैसले को बरकरार रखते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें अंशकालिक मंदिर पुजारियों की भर्ती के लिए 'तंत्र विद्यालयों द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्रों को मान्यता देने का निर्णय लिया गया था।



### यह है मामला

अखिल केरल तंत्री समाजम (समाजम) नामक एक संस्था है। जिसमें केरल के लगभग 300 पारंपरिक तंत्री परिवार शामिल हैं, जो पुजारियों की युवा पीढ़ी को मंदिर अनुष्ठानों का प्रशिक्षण प्रदान करती है। उन्होंने थंथरा विद्यालयों के माध्यम से मंदिर पुजारियों की ऐसी भर्ती को चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की थी।




---

## सोनम वांगचुक की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में की शिकायत

# 'जहां भी जाऊं, खुफिया एजेंसियों के अधिकारी कर रहे मेरा पीछा'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लद्दाख के सामाजिक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा है कि उनके पीछे लगातार आईबी के सर्विलांस लगे हैं। इसके चलते उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। गीतांजलि ने कहा है कि जब वह जोधपुर के केंद्रीय कारागार में अपने पति से मिलने गईं, तब भी राजस्थान पुलिस और आईबी की टीम ने उनका पीछा किया। जोधपुर में उनकी यात्रा और पति से मुलाकात भी अधिकारियों की कड़ी निगरानी में हुई। गीतांजलि ने दावा किया कि दिल्ली में सितंबर से ही उन पर निगरानी यानी सर्विलांस रखा जा रहा है।



### 'पुलिस ने हमारी बातचीत के नोट्स बनाए'

गीतांजलि आंगमो का कहना है कि 7 अक्टूबर और 11 अक्टूबर को जब वह अपने पति सोनम वांगचुक से मिलने जोधपुर हवाई अड्डे पहुंचीं, तो उन्हें सीधे पुलिस वाहन में बिठा लिया गया। जेल के अंदर वांगचुक से मुलाकात के दौरान, डीसीपी मंगलेश नाम के अधिकारी और एक महिला कांस्टेबल पास में मौजूद रहे. उन्होंने उनकी बातचीत के नोट्स बनाए।

### 'पुलिस का सर्विलांस मूल अधिकारों का हनन'

आंगमो का कहना है कि 'मुझे जोधपुर में कहीं और जाने या किसी और से मिलने की छूट नहीं दी गई।' गीतांजलि आंगमो ने कहा कि पुलिस का यह सर्विलांस उनके मूल अधिकारों का हनन है। एक नागरिक के रूप में उन्हें बिना किसी प्रतिबंध के अपने पति से मिलने और जोधपुर जाने का पूरा अधिकार है और उनकी आवाजाही पर कोई रोक नहीं लगाई जानी चाहिए।









रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी

# वाओ, इट्स अमेजिंग!

बच्चो, देश-विदेश में एक से बढ़कर एक सुंदर इमारतें बनाई गई हैं। इनमें से कुछ तो देखने में बहुत ही अजब-गजब हैं, वास्तुकला का अद्भुत नमूना हैं। इन्हें देखकर अनायास ही मुंह से निकलता है-वाओ, इट्स अमेजिंग! जानो, ऐसी ही कुछ अनोखी बिल्डिंग्स के बारे में।

### बिग बास्केट बिल्डिंग अमेरिका

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क में एक अनोखी टोकरीनुमा इमारत है, इसे 'बास्केट बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसका निर्माण लॉन्गाबर्गर कंपनी ने वर्ष 1997 में किया था। यह बास्केट बिल्डिंग हाथ से बनी मेपल की लकड़ी की टोकरियों के प्रसिद्ध निर्माता लॉन्गाबर्गर कंपनी का मुख्यालय रही है। विश्व की सबसे बड़ी बास्केट बिल्डिंग होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इस बिल्डिंग के नाम है। इस 7 मंजिला इमारत में नेचुरल लाइट के लिए कांच की छत है। इसके ऊपर दो स्टील के हैंडल लगे हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन करीब 75 टन है। टोकरी के बड़े हैंडल सर्दियों में किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए गर्म रखे जाते हैं। इमारत पर दो टैग लगे हैं, जो लॉन्गाबर्गर द्वारा बेची जाने वाली हर टोकरी पर लगे लेबल से मिलते-जुलते हैं। *



### साइबरटेक्चर एग बिल्डिंग भारत

**मुंबई में** स्थित जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिजाइन अपने आप में बहुत अनूठा है। इस इमारत को हॉन्ग-कॉन्ग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। 13 मंजिला यह कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। इस इमारत को बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्क्वेयर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस भी है। अपनी डिजाइनिंग के लिए ही नहीं, अपने एन्वॉयर्नमेंट फ्रेंडली स्ट्रक्चर के लिए भी यह इमारत प्रसिद्ध है। *

### बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम चीन



**बीजिंग राष्ट्रीय** स्टेडियम, जिसे बर्ड्स नेस्ट यानी 'चिड़िया का घोंसला' के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरी दुनिया में अपनी तरह की एक अनोखी संरचना है। यह चीन के बीजिंग के चाओयांग में ओलंपिक ग्रीन में स्थित एक स्टेडियम है। इस स्टेडियम की क्षमता लगभग 80,000 लोगों की है। यह वर्ष 2008 में बनकर तैयार हुआ था। इस स्टेडियम को खासतौर से 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए डिजाइन किया गया था। *

### गिटार शेप्ड होटल अमेरिका

**अमेरिका के** दक्षिण फ्लोरिडा में स्थित गिटार के आकार का होटल, अपनी तरह का पहला होटल है। अक्टूबर 2019 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। यह होटल 35 मंजिला है। यह गिटार होटल दक्षिण फ्लोरिडा में 450 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दक्षिण फ्लोरिडा के पर्यटन क्षेत्र में इसका अनोखा स्थान है। इसमें 600 से ज्यादा कमरे हैं। रात में इसकी जगमगाती लाइट्स, गिटार के तारों जैसी लगती हैं। *



### बिग पाइनएप्पल ऑस्ट्रेलिया

**बिग पाइनएप्पल,** क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट क्षेत्र के वूम्बी, नैंबोर कनेक्शन रोड पर स्थित एक आकर्षक दर्शनीय बिल्डिंग है। इसे पेडल थॉर्प और हार्वे, पॉल लफ और गैरी स्मॉलकॉम्ब एंड एसोसिएट्स ने डिजाइन किया था। इसे सनशाइन प्लांटेशन के नाम से भी जाना जाता है। इसको 6 मार्च 2009 को क्वींसलैंड हेरिटेज रजिस्टर में शामिल किया जा चुका है। *



### हाई-हील वेडिंग चर्च ताइवान

**ताइवान के** बुदाई टाउनशिप में यह एक विशाल कांच का चर्च है, जो सिंड्रेला के कांच के जूते के आकार का है। यह हाई-हील वेडिंग चर्च महिला श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 2016 में बनाया गया था। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी हाई-हील के आकार की संरचना के रूप में प्रमाणित भी किया गया है। *



### नोंक पर टिका चर्च कनाडा

**कनाडा के** कैलेग्री में यह चर्च स्थित है। यह देखने में उल्टा लगता है। यह एक नोंक पर टिका हुआ चर्च है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र है। कनाडा के इस अनोखे चर्च का नाम 'डिवाइस टू रूट आउट डेविल' है। इसका मतलब शैतान या बुराई को जड़ से उखाड़ने के यंत्र से है। इसका निर्माण 2019 में हुआ था। *



बच्चो, किसी पहाड़ की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को झरना यानी वाटर फॉल कहते हैं। ऊंचे पहाड़ों से जब तेज गति के साथ पानी गिरता है, तो यह दृश्य बहुत ही मनोरम लगता है। हम तुम्हें अपने देश के तीन सबसे ऊंचे झरनों के बारे में बता रहे हैं।

# देश के तीन फेमस हाईएस्ट वाटर फॉल्स

जानकारी
नयनतारा



बच्चो, झरना यानी वाटर फॉल किसी ऊंचाई से नीचे की तरफ गिर रहा पानी का एक नेचुरल फ्लो होता है। आमतौर पर झरना ऊंचे पहाड़, ऊंची चट्टान या चट्टानी ढलान से नीचे की तरफ गिरता है। जब झरने का यह पानी नीचे की तरफ गिरता है, तो बड़ा ही मनोरम लगता है। अपने देश में ऐसे बहुत से सुंदर-प्रसिद्ध झरने हैं, जिन्हें देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इनमें से कुछ झरनों की विशेषताओं के बारे में यहां हम तुम्हें बता रहे हैं।

**दूसरा सबसे ऊंचा झरना:** बच्चो, देश का दूसरा सबसे ऊंचा झरना ओडिशा के मयूर भंज जिले के सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। यह बरेहीपानी नाम से जाना जाता है। यह झरना 399 मी. (1,309 फीट) की ऊंचाई से गिरता है। बरेहीपानी झरना देखने के लिए पर्यटकों को कोई परमिशन नहीं लेनी पड़ती। लेकिन चूंकि यह झरना सिमलीपाल नेशनल पार्क में स्थित है, इसलिए नेशनल पार्क में प्रवेश करने के लिए वन विभाग से परमिट लेना जरूरी होता है। यह परमिट पार्क के एंट्री गेट पर मिल जाता है।



**सबसे ऊंचा झरना:** कर्नाटक के शिवमोग्गा (शिमोगा) जिले के अगुंबे वर्षावन में स्थित कुंचिकल झरना भारत का सबसे ऊंचा झरना है। यह झरना 455 मी. (1,493 फीट) ऊंचा है और इससे गिरने वाले जल का मुख्य स्रोत कर्नाटक की वाराही नदी है। बच्चो, यह झरना कुंचिकल हाइड्रोलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट क्षेत्र में स्थित है। यह स्थान प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां बिना अनुमति के प्रवेश वर्जित होता है। पर्यटकों को यहां तक जाने के लिए कर्नाटक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से अनुमति लेनी पड़ती है।

**तीसरा सबसे ऊंचा झरना:** अपने देश का तीसरा सबसे ऊंचा झरना, पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में चेरापूंजी के पास नोहकलिकई नामक झरना है, जो 340 मी. (1,115 फीट) ऊंचाई से गिरता है। इस झरने के व्यू प्वॉइंट तक जाने के लिए मेघालय पर्यटन विभाग को फिक्स्ड एंट्री-फी देनी होती है। *



कविता / अरुण आदित्य

## खुशी



फूल टहनियों पर खुश रहते
तितली फूलों पर
चिड़िया पेड़ों पर खुश रहतीं
बच्चे झूलों पर।
चांद आसमां में खुश रहता
मछली पानी में
पानी नदियों में खुश रहता
नदी रवानी में।
फुलवारी से फूल न तोड़ो
तितली को मत पकड़ो
चिड़ियों को आजादी प्यारी
पिंजरे में मत जकड़ो।
चांद पे झूला डाल के झूलो
नदियों को बहने दो
जिसको जहां खुशी मिलती है
उसे वहीं रहने दो।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## मिथकों से विज्ञान तक



हाल में किशोरों के लिए एक बहुत रोचक-ज्ञानवर्धक किताब आई है-मिथकों से विज्ञान तक। इसके लेखक हैं प्रसिद्ध वैज्ञानिक गौहर रजा। यह किताब तुम्हें कई सवालों के जवाब देगी जैसे कि ब्रह्मांड कैसे बना और समय के साथ उसमें क्या-क्या बदलाव आए? विज्ञान और मिथकों में क्या फर्क है? विज्ञान और धर्म एक-दूसरे के विरोधी हैं या पूरक? इस किताब में दुनिया भर के मिथकों के उदाहरण देकर विज्ञान की कसौटी पर उन्हें परखा गया है। किताब में ऐसे भी उदाहरण दिए गए हैं, जिससे तुमको मनोरंजन और ज्ञान दोनों मिलेगा। अगर तुम्हारी विज्ञान में रुचि है तो इस किताब को जरूर पढ़ना चाहिए। *

**किताब:** मिथकों से विज्ञान तक, **लेखक:** गौहर रजा, **मूल्य:** 299 रुपए, **प्रकाशक:** पेंगुइन, स्वदेश

## जीके क्विज-176



1. साल 2025 में शांति का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
5. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
6. गाजर में कौन सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
7. श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवोल्यूशन) का संबंध किससे है?
8. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
9. भारत में सबसे पहले सूर्योदय किस राज्य में दिखता है?
10. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?

बच्चों, जीके क्विज-176 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-175 का उत्तर :** 1.लास्जलो क्रास्जनाहोरकाई, 2.स्वामी विवेकानंद, 3.कार्तिक, 4. प्रशांत महासागर, 5.गुजरात, 6.स्टेपीज, 7.दयानंद सरस्वती, 8.प्रकाश वर्ष, 9.पेरिस (फ्रांस), 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-175 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर, अविनाश-गुना, राखी-दुर्ग

बूढ़े कछुए ने आरसी को बताया कि समुद्र में इंसानों द्वारा फेंका गया प्लास्टिक कचरा समुद्र और समुद्री जीवों के लिए बहुत घातक है। आरसी ने तय किया वह प्रयास करेगा, ऐसा ना हो। क्या आरसी अपने प्रयास में सफल हुआ?

# जल की पुकार





कहानी
कल्पना मनोरमा

कपड़े के थैले इस्तेमाल करें और प्लास्टिक भूल जाएं, तो समुद्री जीवों की जान बच सकती है, समुद्र जहरीला नहीं, साफ-सुथरा रहेगा।' बूढ़े कछुए ने दूसरे किनारे की ओर पड़े प्लास्टिक कचरे की ओर इशारा किया। आरसी ने देखा- एक छोटी मछली प्लास्टिक के बड़े टुकड़े में उलझकर तड़प रही है। पास ही एक कछुआ बेसुध पड़ा है। आरसी की आंखें भर आईं। उसने धीमे से पूछा, 'क्या इंसान नहीं जानता कि वह कुदरत को बिगाड़ रहा है?'

बूढ़े कछुए ने सिर हिलाया, 'कुछ जानते हैं, कुछ नहीं। लेकिन जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी ने गहरी सांस ली और बोला, 'मैं सभी की आवाज बनूंगा। मैं जल की पुकार बनूंगा।'

उस दिन से आरसी ने एक नया खेल खेलना शुरू किया। वह समुद्र किनारे जाकर चिल्लाता, 'सुनो, सुनो! जल कुछ कहता है—प्लास्टिक मत फेंको!'

शुरू-शुरू में बच्चे आरसी की इस गुहार पर हंसते, लेकिन धीरे-धीरे वे अपने खेल का सामान, खाना-पीना थैले में लेकर आने लगे। समुद्र में कुछ नहीं बहाते। समुद्र का किनारा साफ रहने लगा। एक दिन आरसी ने देखा- लहरें मानो ताली बजा रही हैं।

पानी के भीतर से मधुर स्वर गूंज रहा था- 'जल की पुकार सुनो, जीवों की रक्षा करो।'

आरसी ने बूढ़े कछुए को खोजकर अपनी सफलता बताई। बूढ़ा कछुआ मुस्कुराया, 'देखा, आरसी! यही असली बदलाव है। जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'


आरसी उस रात चांद के साथ समुद्र के किनारे बहुत देर तक घूमता रहा। *



कहानी
प्रकाश मनु

धरती पर चमेली के फूल ऐसे ही नहीं खिले, इसके पीछे एक अजीबो-गरीब कहानी है, जो एक भोली-भाली लड़की के अद्भुत साहस की कहानी है।

# खिल उठे चमेली के फूल



एक थी चमेली। बड़ी ही सुंदर और भोली-भाली, लेकिन वह दिलेर भी कम न थी। गांव में जो काम कोई बच्चा नहीं कर पाता, उसे चमेली झट कर दिखाती। उसकी हिम्मत देखकर बच्चे ही नहीं, बड़े भी हैरान होते।

एक दिन, चमेली अपनी सहेलियों से बात कर रही थी। तभी किसी ने कहा, 'अगर इतनी ही होशियार हो तो क्या तुम अक्का बाबा का मोती ला सकती हो?'

'अक्का बाबा का मोती!' चमेली चकराई। अभी तक तो किसी ने यह सोचा भी नहीं था। कहते हैं, सैकड़ों बरस पहले सामने वाले पहाड़ की ऊंची चोटी पर रहते थे अक्का बाबा। उनके पास एक विचित्र मोती था। खूब बड़ा। नीचे धरती से उस मोती को देखने पर एकदम गोल-गोल चांद सरीखा लगता। अक्का बाबा कहा करते थे, 'यह खुशहाली का मोती है, पर इसे धरती पर ले जाना कोई खेल नहीं।'

सचमुच बहुतों ने कोशिश की, पर अक्का बाबा के उस मोती को कोई छू भी नहीं पाया। बड़ी ही कठिन चढ़ाई थी वहां की। पर चमेली ने सुना तो झट से बोली, 'हां-हां, क्यों नहीं?' और उसी समय चमेली ने पहाड़ पर चढ़ना शुरू कर दिया। शाम का समय था। चमेली तेजी से पहाड़ पर चढ़ती जा रही थी। कुछ देर में रात हो गई। सारे कबीले के लोग हैरानी से चमेली को देख रहे थे, जो सीधे खड़े पहाड़ पर बड़ी हिम्मत से चढ़ती जा रही थी।

वह पूनम की चांदनी रात थी। सब ओर चांदनी बिखरी हुई थी। इसलिए दुर्गम पहाड़ पर तेजी से चढ़ती चमेली हर किसी को नजर आ रही थी। सभी उसकी हिम्मत की दाद दे रहे थे। चलते-चलते चमेली आखिर पहाड़ की चोटी पर पहुंची। उसने अक्का बाबा का मोती उठाया और फौरन वापस नीचे की ओर चल दी। ऐसा लगता था, आसमान के चांद की तरह चमेली की हथेली पर भी एक चांद रखा है, जिसे लिए-लिए वह धरती पर आ रही है।

सुबह चमेली धरती पर आई, तो कबीले के लोगों ने हैरानी से देखा कि सांवले रंग की चमेली अब एकदम चांदनी जैसी उजली हो गई थी। पता नहीं, यह पूनम की चांदनी का असर था या फिर उस बड़े से श्वेत मोती का, जो अब चमेली के हाथ में था। पर जैसे ही चमेली ने वह अनोखा मोती अपनी सहेलियों को दिया, उनमें पहले उसे लेने की होड़ लग गई। और फिर न जाने कब वह धरती पर गिरा और टूट कर छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया।

तभी एक और चमत्कार हुआ। लोगों ने देखा, चमेली अब अदृश्य हो चुकी थी और जहां वह मोती टूट कर गिरा था, वहां छोटे-छोटे सुंदर, महकते फूल खिल उठे थे। कबीले के लोगों ने उनका नाम रखा, चमेली के फूल। जहां-जहां उस कबीले के लोग गए, वहां-वहां पहुंचे चमेली के फूल और फिर एक दिन सारी धरती पर छा गए। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।




उत्तर: 1. स्ट्राइकर (गोल करने वाला खिलाड़ी) की दोनों आंखें बंद हैं। 2.स्ट्राइकर की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 3.स्ट्राइकर के दाहिने पैर के जूते पर दो धारियां बनी हुई हैं। 4.ऊपर आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 5.मैदान में आगे कम घास उगी हुई है।

## सही मिलान करो

बच्चो, नीचे बाईं तरफ कुछ चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाई क्रमवार नहीं है। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर: 1-D, 2-C, 3-A, 4-B

## जैकेट के शेष

### भाजपा नेता भिड़े, संदीप ....

आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा सामने आ गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस मामले को उठाया है। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा है, ठीक त्योहार के दिन हिंदुओं को वक्फ बोर्ड का नोटिस- वक्फ की जमीन कब्जाए हो, दो दिनों में जवाब दो, नहीं तो कार्रवाई की धमकी। 100-100 साल से निवासरत पुरानी बस्ती के लोग हलाकान हैं।

### शिकायत के बाद ....

के पास लिखित में शिकायत कराने की जानकारी दी। डीजीपी के पास शिकायत दर्ज कराए जाने की जानकारी मिलने के बाद अफसर ने महिला पर मीडिया ट्रायल कर उसे फंसाने की साजिश करने आरोप लगाया है।

### अधिकारी द्वारा डीजीपी को ...

हुआ तो वह आत्महत्या कर लेगी। महिला मेरे घर में जबरन घुसी, स्टाफ को अश्लील तस्वीरें दिखाईं और हंगामा किया।

### मधुमक्खी के हमले से ....

दिया। मधुमक्खियों से बचने के लिए दोनों ने तालाब में छलांग लगा दी। तालाब में काफी देर तक डूबे रहने से उनकी मौत हो गई। काफी देर बाद भी उनके बाहर न निकलने पर ग्रामीणों ने तालाब में खोजबीन की। उनके शव को तालाब से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने पर करपावण्ड पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच कर रही है।

### एक वोटर का ....

में अवगत कराया था। पाटिल के अनुसार, दलितों और अल्पसंख्यकों सहित कुल 6,994 'कांग्रेस वोट' हटाने के लिए आवेदन दिए गए थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के बाद यह प्रक्रिया रोक दी गई। नवीनतम खुलासे पर प्रतिक्रिया देते हुए, मंत्री प्रियंक खरगे ने 'एक्स' पर कहा, आलंद में केवल 80 रुपये में मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। कर्नाटक एसआईटी के नवीनतम निष्कर्ष इस बात की पुष्टि करते हैं जो हम लगातार कह रहे हैं कि आलंद में 2023 के चुनावों से पहले एक 'पेड ऑपरेशन' (पैसे देकर चलाए गए अभियान) के माध्यम से 6,000 से अधिक वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए। मंत्री ने कहा कि कलबुर्गी में एक पूर्ण डेटा सेंटर संचालित हो रहा था, जहां संचालक व्यवस्थित तरीके से मतदाताओं के नाम हटा रहे थे और हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। प्रियंक खरगे ने कहा, सभी जांचें अब भाजपा नेताओं और उनके सहयोगियों की गड़बड़ी की ओर इशारा कर रही हैं। भाजपा की 'वोट चोरी' की हर गंदी चाल और तरीके का पर्दाफाश किया जाएगा और जिम्मेदार हर व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाएगा और सलाखों के पीछे डाला जाएगा।

### बैंक खाताधारक अब ....

1934; बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949; भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और 1980 सहित पांच कानूनों में कुल 19 संशोधन किए गए हैं। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, इन संशोधनों के अनुरूप बैंक ग्राहक अपने खातों में एक साथ या क्रमवार ढंग से चार व्यक्तियों तक को नॉमिनी बना सकते हैं। इससे खाताधारक या उनके वैध उत्तराधिकारियों को दावा निपटान में सुविधा होगी। मंत्रालय ने कहा, खाता नामांकन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए ग्राहक प्रत्येक नॉमिनी का हिस्सा या प्रतिशत भी निर्धारित कर सकेंगे, ताकि कुल हिस्सेदारी 100 प्रतिशत हो और किसी भी तरह के विवाद की गुंजाइश न रहे। बैंक में सुरक्षित रखी वस्तुओं और लॉकर के लिए केवल क्रमवार नामांकन की ही मंजूरी दी गई है। इसका मतलब है कि एक नामित व्यक्ति के निधन के बाद ही अगला नामित व्यक्ति उसका अधिकार प्राप्त करेगा। मंत्रालय ने कहा, इन प्रावधानों से बैंक जमाकर्ताओं को अपनी पसंद के हिसाब से नॉमिनी बनाने में लचीलापन मिलेगा। इसके साथ समूची बैंकिंग प्रणाली में दावों के निपटान में समानता, पारदर्शिता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी। बैंकिंग कंपनियां (नामांकन) नियम, 2025 भी आने वाले समय में अधिसूचित किए जाएंगे। इनमें नामांकन करने, निरस्त करने या बहु-नामांकन की प्रक्रिया और उसके लिए जरूरी कागजात का विवरण होगा। सरकार ने इससे पहले 29 जुलाई, 2025 को जारी अधिसूचना में कहा था कि अधिनियम की कुछ धाराएं (धारा 3, 4, 5, 15, 16, 17, 18, 19 और 20) एक अगस्त से प्रभावी हो चुकी हैं। बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 का उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र में संचालन मानकों को मजबूत करना, बैंकों की रिपोर्टिंग प्रणाली को समान बनाना, जमाकर्ताओं और निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाना, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लेखा-परीक्षा की गुणवत्ता सुधारना और ग्राहक सुविधा में वृद्धि करना है। इस अधिनियम में सहकारी बैंकों के निदेशकों के कार्यकाल को भी युक्तिसंगत बनाया गया है।

नए बैंक नामांकन ...

चार नामांकित व्यक्ति निर्दिष्ट कर सकते हैं। अगला नामांकित व्यक्ति उच्च पदस्थ नामांकित व्यक्ति की मृत्यु के बाद ही सक्रिय होता है, जिससे निर्बाध निपटान और उत्तराधिकार की स्पष्टता सुनिश्चित होती है।

00 सुरक्षित अभिरक्षा और सुरक्षा जमा लॉकरों में रखी गई वस्तुओं के लिए विनियम केवल क्रमिक नामांकन की अनुमति देते हैं।

## पेज एक के शेष

### वन डे ही नहीं, टेस्ट...

बीसीसीआई के अधीन हो जाएगा। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ, सीएससीएस के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि इस संबंध में सरकार से लगातार चर्चा चल रही है और जरूरी प्रक्रियाएं लगभग पूरी हो चुकी हैं। जल्द ही स्टेडियम को सीएससीएस के माध्यम से बीसीसीआई को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद स्टेडियम के सिविल कार्य, मैदान की देखभाल और क्रिकेट इवेंट्स की जिम्मेदारी बीसीसीआई को लीज पर दी जाएगी। इससे स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के और बड़े अवसर मिल सकेंगे।

### स्टेडियम मिलने पर...

वनडे और टी-20 की मेजबानी का अवसर मिलेगा, जिससे छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को और मजबूती मिलेगी।

### तेजस्वी होंगे ...

सामंजस्य न बिठा सकने, सीटों का बंटवारा और कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन में तमाम सवाल कांग्रेस के भीतर से उठनेके बाद शीर्ष नेतृत्व ने प्रभारी कृष्णा अल्लावरु को यूथ कांग्रेस के प्रभारी पद से विदा कर दिया है। माना जा रहा है चुनाव के बाद बिहार प्रभारी पद से भी उन्हें चलता दिया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, तेजस्वी यादव एक युवा और विजनरी नेता हैं। यह घोषणा महागठबंधन की एकजुटता का प्रतीक है। वहीं, भाजपा ने इस ऐलान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महागठबंधन का प्रेस कॉन्फ्रेंस पोस्टर सिर्फ तेजस्वी की तस्वीर से भरा था, जो गठबंधन में आंतरिक कलह को दर्शाता है। एनडीए ने पूछा, आपका चेहरा कौन है? लेकिन महागठबंधन ने इसे खारिज करते हुए कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में कदम है, जिसमें एससी और मुस्लिम समुदाय से भी उपमुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि यह घोषणा एनडीए को कड़ी चुनौती दे सकती है, खासकर इसलिए क्योंकि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए में अभी चेहरे की स्पष्टता नहीं है। बिहार चुनाव नवंबर में होने वाले हैं, और सीट बंटवारे पर अभी भी कुछ 'फ्रेंडली फाइट' की संभावना बनी हुई है, लेकिन गठबंधन ने दावा किया कि सभी फैसले जीत के लिए लिए गए हैं।

### नए सीजेआई की ...

उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति, स्थानांतरण एवं पदोन्नति के नियम निर्धारित करने वाले दस्तावेजों में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद पर शीर्ष अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश की नियुक्ति होनी चाहिए, जिन्हें पद धारण करने के लिए उपयुक्त समझा जाए।

### अब थल-जल-वायु ...

रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। जिसमें सेना, वायुसेना और नौसेना के जंगी बेड़े को भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए कुल 79 हजार करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा तीनों सशस्त्र सेनाओं और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

**नौसेना के लिए खरीदे जाएंगे बंदूक, टॉरपीडो :** डीएसी ने नौसेना के लिए जिन रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। उनमें लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स (एलपीडी), 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी), उन्नत हल्के भार वाले टॉरपीडो , इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76 मिमी सुपर रैपिड गन माउंट के लिए स्मार्ट गोला बारूद की खरीद के लिए एओएन दिया गया है। एलपीडी की खरीद नौसेना को बाकी दो अन्य सेनाओं के साथ जल-थलचर अभियानों को अंजाम देने और शांति अभियानों, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत में भी मदद करेगी।


**पश्चिम मध्य रेल**
**वाणिज्य विभाग-जबलपुर मंडल**
क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/25
दिनांक : 22.10.2025

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एसएलआर लीजिंग ठेके हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणी**-पार्सल लीजिंग, **कैटेलाग**-JBP-C-Par-55, **एसेट विवरण**-जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 12160 (जबलपुर-अमरावती), 11651 (जबलपुर - सिंगरौली), 12187 (जबलपुर - सी एस. एम. टी.), 12186 (रीवा-आर.के.एम.पी.), 22188 (अधारताल - आर. के. एम. पी.), 22162 (दमोह - भोपाल), 20906 ( रीवा - एकता नगर), 22189 (जबलपुर - रीवा), 11751 (रीवा - चिरमिरी), 19014 (कटनी-भुसावल), 12062 (जबलपुर -आर.के.एम.पी.), 11449 (जबलपुर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा) के एसएलआर 11706 (रीवा - जबलपुर), 12189 (जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन), 11702 (जबलपुर-रायपुर), 11703 (रीवा-डॉ. अबेडकर नगर), 18248 (रीवा-बिलासपुर), 11703 (रीवा-डॉ. अबेडकर नगर), 22190 (रीवा - जबलपुर) के पार्सल वैन लीजिंग हेतु। **ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय**-03.11.2025 को 12.00 बजे। **ऑक्शन समापन की तिथि एवं समय**-03.11.2025 को 15.30 बजे। 1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखे। 2. उक्त ई-ऑक्शन आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4.बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोलीदाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहे।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



**पूर्व तट रेलवे**
सूचना सं. eT-North-WAT-41-2025
दिनांक: 15.10.2025

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के कोरापुट-रायगड़ा लाइन पर सहायक मण्डल अभियन्ता/लक्ष्मीपुर रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन यातायात अवरोध की स्थिति में KR लाइन में मौजूदा 8 संख्यक सुरंगों (टनल नं. 3, 4, 11, 14, 23, 25, 29 एवं 32) में बोल्डर गिरने और रिसाव (Seepage) को रोकने के लिए शमन उपायों (रॉक बोल्टिंग, शॉर्टक्रेटिंग एवं ग्राउटिंग) का कार्यान्वयन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 16,28,01,212.77, EMD : ₹ 9,64,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 18 (अठारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 11.11.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-708/Q/25-26


## आसियान शिखर सम्मेलन


# पीएम मोदी नहीं, विदेश मंत्री जयशंकर जाएंगे मलेशिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ की चुनौती के बीच अगले सप्ताह 26 से 28 अक्टूबर तक मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर में आयोजित किए जाने वाले '22वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात नहीं होगी। क्योंकि इस बार इस महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन में भारत का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी नहीं बल्कि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर करेंगे। रविवार (26 अक्टूबर) को पीएम वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन में शिरकत करेंगे। यह जानकारी गुरुवार को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक आधिकारिक बयान और पीएम की मलेशियाई प्रधानमंत्री के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर की गई एक्स पोस्ट से मिली है। जिसमें पीएम ने बताया कि '23 अक्टूबर को मेरे प्रिय मित्र और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ फोन पर गर्मजोशी के साथ बातचीत हुई। मैंने उन्हें मलेशिया द्वारा की जाने वाली आसियान की अध्यक्षता के लिए बधाई देते हुए आगामी शिखर सम्मेलनों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



## किसी भी चुनौती का जवाब देने के लिए भारत हरदम तैयार : राजनाथ



**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे नौसेना के तीन दिवसीय कमांडर सम्मेलन को गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। जिसमें उन्होंने सबसे पहले 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के जवाब में की गई सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया और कहा कि इसके जरिए समूची दुनिया को यह संदेश चला गया है कि भारत किसी भी चुनौती से कभी भी दो-दो हाथ करने के लिए हमेशा तैयार है। 10 मई को संघर्षविराम से पहले तक वो भारतीय नौसेना ही थी। जिसकी रक्षात्मक और आक्रामक मुद्रा ने पाकिस्तान को उसके समुद्री तटों तक ही सीमित रहने के लिए मजबूर कर दिया।


HMS शिव साइटिका तेल — शिव सायटिका — सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुदमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभ्रंश...
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम — दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
94060-21769



हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल — डॉ राका शिवहरे, MBBS, MD FNIC FIPA — भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

निवेद चेस्ट & आई केयर — डॉ. देवी ज्योति दास, M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist) — डॉ. नमित नंदे, MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0771-4337888, 7697752001

Vrinda Multispeciality Hospital & Allergy Centre — 50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल — सभी प्रकार की एलर्जी — डेंटल सुविधा भी उपलब्ध — छाती रोग
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान — सिंघानिया स्किन केयर — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर — डॉ. सूरज कुमार चौधरी, MD (Physician, Pathology) — डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी, MBBS, MS (OBG) FRM
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर, मो. 7999450384, 7042974029

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ — Skin Care

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर, 9644099925

डॉ. जाऊलकर — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) — ई.एन.टी. हॉस्पिटल — फोन: 0771-4044551 — सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल — 0771-3133896, +91 6264070071, 9893299953 — पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक — सेवाएं: • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी — चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6026

**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6025 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

## सूडोकु नवताल- 6036

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6035 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### एसबीआई को 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक का पुरस्कार




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक को विश्व बैंक/आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में न्यूयॉर्क स्थित ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ने दो खिताब 'वर्ल्ड्स बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025' और 'बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025') जीते।

### पावरग्रिड ने दो परियोजनाओं का किया अधिग्रहण

पावरग्रिड POWERGRID

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 3,375 करोड़ रुपये की दो प्रमुख परियोजनाओं का अधिग्रहण किया है। ये परियोजनाएं भारी लोड वाले पारेषण गलियारों पर भार कम करने, बिजली की विश्वसनीयता में सुधार लाने और विभिन्न क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा के निर्बाध हस्तांतरण को सुगम बनाने में मदद करेंगी।

### नौ नवंबर से शंघाई-दिल्ली उड़ानें फिर होंगी शुरू



**नई दिल्ली।** चीन की चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस नौ नवंबर से शंघाई और दिल्ली के बीच सीधे विमान सेवा फिर से शुरू करेगी। यह सेवा सप्ताह में तीन दिन यानी बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। इसके लिए एयरबस ए330-200 विमान इस्तेमाल होगा। भारत और चीन के बीच सीधे हवाई संपर्क पांच साल से अधिक समय बाद 26 अक्टूबर से फिर से शुरू होंगे।

# अमेजन ने मीशो पर ठोका 127 करोड़ रुपये बकाया होने का दावा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मीशो को अमेजन वेब सर्विसेज की क्लाउड सर्विस के बकाया का भुगतान न करने के कारण कानूनी लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है।

कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए दायर ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में इसका खुलासा हुआ है। इसके अनुसार, फरवरी, 2022 में हस्ताक्षरित एक निजी मूल्य निर्धारण परिशिष्ट से जुड़े बकाया का हवाला देते हुए मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के तहत 3 सदस्यीय न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाही शुरू की गई।

## मध्यस्थता और सुलह के लिए 3 सदस्यीय न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाही शुरू

### अब मध्यस्थता विवाद में उलझा मामला

मीशो की ओर से प्रतिदावा किए जाने के बाद अमेजन वेब सर्विसेज ने मार्च में अपना जवाब दाखिल किया और मामला मध्यस्थ न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित है। यह विवाद मीशो की अपने विशाल वैल्यू-कॉमर्स इकोसिस्टम को चलाने के लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर गहरी निर्भरता को उजागर करता है। डीआरएचपी यह भी दर्शाता है कि मीशो ने अपने आगामी 4,250 करोड़ रुपये के आईपीओ से 1,390 करोड़ रुपये अपनी टेक्नोलॉजी और क्लाउड सर्विस मजबूत करने के लिए आवंटित करने की योजना बनाई है।







### दोनों कंपनियों ने एक-दूसरे के खिलाफ किए दावे

अमेजन वेब सर्विसेज ने मीशो से 127.45 करोड़ रुपये के बकाया का दावा किया है, जिसमें खर्च प्रतिबद्धता की कमी भुगतान राशि, लंबित सेवा शुल्क, संबंधित भुगतानों पर ब्याज और मध्यस्थता की लागत शामिल है। वहीं दूसरी तरफ इस मांग पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने विवाद करते हुए अमेजन वेब सर्विसेज की ओर से प्रदान की गई सेवाओं में कमियों का आरोप लगाया है और पीपीए के न्यूनतम प्रतिबद्धता सेगमेंट की वैधता को चुनौती दी है। प्रतिदावे में उसने 86.49 करोड़ रुपये की मांग की है।


## सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां अनुपालन जोखिमों का आकलन कर रहीं

# रूसी कंपनियों पर प्रतिबंधों से रिलायंस को झटका; पीएसयू के जरिए होगी तेल खरीदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों से रिलायंस इंडस्ट्रीज के रूस से कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ने के आसार हैं जबकि सरकारी रिफाइनरियां फिलहाल मध्यस्थ व्यापारियों के माध्यम से खरीद जारी रख सकती हैं।

उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां अनुपालन जोखिमों का आकलन कर रही हैं, लेकिन रूसी कच्चे तेल के प्रवाह को तुरंत रोकने की संभावना नहीं है क्योंकि वे अपनी आवश्यकता का सभी तेल व्यापारियों से खरीदते हैं जिनमें से अधिकतर यूरोपीय व्यापारी हैं (जो प्रतिबंधों के दायरे से बाहर हैं)। रूस के 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से भारत, रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है जिसने पश्चिमी खरीदारों के हटने के बाद मिली भारी छूट का लाभ उठाया है।



### रिलायंस को संतुलित करना पड़ेगा आयात




उन्होंने कहा कि उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अपने आयात को फिर से संतुलित करना पड़ सकता है क्योंकि यह सीधे रूस की 'रोसनेफ्ट' से कच्चा तेल खरीदती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी खरीदार है और रूस से देश के प्रतिदिन 17 लाख बैरल आयात का लगभग आधा हिस्सा खरीदती है।

### यूक्रेन पर हमले को लेकर कार्रवाई

*अमेरिकी प्रशासन ने इन कंपनियों पर यूक्रेन पर रूस के हमले को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया है। दोनों कंपनियां मिलकर प्रतिदिन 31 लाख बैरल तेल का निर्यात करती हैं। केवल रोसनेफ्ट वैश्विक तेल उत्पादन का छह प्रतिशत और रूस के कुल तेल उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा निर्यात करती है।*

### प्रतिबंधित कंपनी से रिलायंस का 25 वर्ष पुराना नाता

रिलायंस ने दिसंबर 2024 में रूस की कंपनी रोसनेफ्ट (जो अब प्रतिबंधित है) के साथ 25 वर्ष तक प्रतिदिन 5,00,000 बैरल रूसी तेल आयात करने के लिए एक सावधिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह बिचौलियों से भी तेल खरीदता है। कंपनी को इस पर प्रतिक्रिया हासिल करने के लिए ईमेल किया गया लेकिन उससे खबर लिखने तक कोई जवाब नहीं मिला।

### अमेरिका ने दो कंपनियों पर लगाया है प्रतिबंध

अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने 'ओपन ज्वाइंट स्टॉक' कंपनी रोसनेफ्ट ऑयल कंपनी और लुकोइल ओएओ पर और प्रतिबंध लगा दिए हैं। ये रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियां हैं।

### टाटा टेक्नोलॉजीज अमेरिका में बढ़ाएगी स्थानीय नियुक्तियां




**नई दिल्ली** । अमेरिकी सरकार द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क में की गई बढ़ोतरी का असर अब कंपनियों में कर्मचारियों की नियुक्ति पर दिखने लगा है। टाटा टेक्नोलॉजीज के सीईओ वॉरेन हैरिस ने कहा कि कंपनी अमेरिका में और अधिक स्थानीय नागरिकों को भर्ती करेगी। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लागू नए वीजा नियमों और शुल्क पर प्रतिक्रिया है। कंपनी का उद्देश्य विदेशी कर्मचारियों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय रोजगार बढ़ाना है।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जांजगीर-चाम्पा सक्ती**
**तहसील रोड, जगदल्ला चांपा (छ.ग.) पिन- [495671]**
**कार्यालयीन ई-मेल-dfo-jchampa.cg@gov.in, dfo_jchampa.rediffmail.com**

**// अनुज्ञप्ति नवीनीकरण //**
**(वर्ष 2026 हेतु)**

जांजगीर चाम्पा सक्ती वनमंडल के अंतर्गत आने वाले आरामिल मालिकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि छ.ग. काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम 1984 में संशोधन कर निम्नलिखित प्रारूप जिसे राज्य सरकार छ.ग. काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1984 (क्रमांक 13, 1984) की धारा 22 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए बनाना प्रस्तावित करती है। उक्त अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (01) के द्वारा वर्ष 2026 से 2028 के लिए अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है। प्रेषित छ.ग. राजपत्र दिनांक 08 फरवरी 2021 में छ.ग. वन उपज (व्यापार विनियमन) काष्ठ नियम 1973 में संशोधन भी सम्मिलित है।

वर्ष 2026 से 2028 हेतु निम्नानुसार वर्णित नवीनीकरण शुल्क निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर डिमांड ड्राफ्ट / काल डिपाजिट जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में देय हो संबंधित वनमंडलाधिकारी के पद नाम से जमा कर निर्धारित प्रारूप में 2025 के अनुज्ञप्ति के छायाप्रति के साथ नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत करे, ताकि नियमानुसार नवीनीकरण की कार्यवाही की जा सके। पंजीयन हेतु उनके समक्ष दर्शित राशि सहित आवेदन पत्र जमा करने पर नियमानुसार पंजीयन की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | पंजीयन हेतु आवेदन | पंजीयन शुल्क | आवेदन शुल्क | कुल राशि रु. | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आरामशीन अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण | 900 | 1 | 901 | 3 वर्ष हेतु |
| 2 | विनिर्माता/व्यापारी | 6000 | 1 | 6001 | 3 वर्ष हेतु या आवेदक चाहे तो 1 वर्ष के लिए 2001 रू. जमा का पंजीयन करा सकता है। |
| 3 | बढ़ईगिरी | 500 | 1 | 501 | 1 वर्ष हेतु |
| 4 | हेमर पंजीयन | 100 | 1 | 101 | 1 वर्ष हेतु |
| 5 | फूटकर विक्रेता पंजीयन | | | | |
| | 1 10 घनमीटर | 75 | 1 | 76 | 1 वर्ष हेतु |
| | 2 10 से 50 घमीटर | 150 | 1 | 151 | |
| | 3 50 से 100 घनमीटर | 600 | 1 | 601 | |
| | 4 100 घनमीटर से ऊपर | 1200 | 1 | 1201 | |
| 6 | आयात पंजीयन | 2500 | - | 2500 | 1 वर्ष हेतु |

**टीपः-** पंजीयन हेतु प्राप्त प्रारूप आवेदन के साथ मतदाता परिचय पत्र/आयकर पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड एवं स्थल हेतु टेलीफोन, बिजली बिल, बी-1 आदि की छायाप्रति संलग्न करें। सभी आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से किया जावेगा।

G-252604322/2

**वनमण्डलाधिकारी**
**जांजगीर-चाम्पा सक्ती वनमण्डल**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग बिलासपुर (छ.ग.)**

**-:: निविदा निरस्तीकरण आदेश ::-**

पत्र क्र. / व.ले.लि. / 2025-26 बिलासपुर दिनांक ..........

मुख्य अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर के पृष्ठां. क्र. 4263762 / निविदा प्रकोष्ठ / 2025/2359(TC) दिनांक 30.09.2025 के परिपालन में इस कार्यालय के निविदा सूचना क्र. 13 / व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 02.09.2025 बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा अंतर्गत घोंघा जलाशय के जलद्वारों, स्ट्रीट लाईट एवं वि./यां. संबंधी सुधार / मरम्मत कार्य तथा स्टील पाथवे एवं साईन बोर्ड निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रं. 174241 को निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है ।

विज्ञापन क्रं. जी 252603229 दिनांक 04.09.2025

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग सकरी बिलासपुर (छ.ग.)**

G-252604316/5

### रायपुर में आयोजित होगा राष्ट्रीय क्रिटिकल केयर कॉन्क्लेव 'क्रिटीकॉन 2025'

**रायपुर।** राजधानी रायपुर आगामी 25-26 अक्टूबर को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन 'क्रिटीकॉन 2025' की मेजबानी करने जा रहा है। यह दो दिवसीय आयोजन रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन, क्वालिटी केयर इंडिया लिमिटेड और रायपुर के सहयोग से होटल मेफेयर लेक रिसॉर्ट, अटल नगर में आयोजित किया जाएगा। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने कहा कि हमें गर्व है कि रायपुर क्रिटीकॉन 2025 की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन क्रिटिकल केयर के विज्ञान, नवाचार और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने का प्रतीक है।




#### आयोजन अनुभव साझा करने का बनेगा प्रमुख मंच

'वेयर क्रिटिकल केयर मीट्स क्लीनिकल एक्सिलेंस' थीम पर आधारित यह कॉन्क्लेव क्रिटिकल केयर मेडिसिन के क्षेत्र में नवीनतम शोध, नवाचार और व्यावहारिक अनुभव साझा करने के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करेगा। देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आने वाले प्रसिद्ध इंटेंसिविस्ट्स, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट्स, पल्मोनोलॉजिस्ट्स, ट्रॉमा और इमरजेंसी विशेषज्ञ इसमें भाग लेंगे।

#### बड़े शहरों से आएंगे विशेषज्ञ

मुंबई, चेन्नई, गुरुग्राम, सिकंदराबाद, वाराणसी, अहमदाबाद, नई दिल्ली, नागपुर, पुणे, हैदराबाद, भुवनेश्वर, रांची और रायपुर सहित विभिन्न शहरों से विशेषज्ञ इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। लगभग 1,000 प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है, जिससे यह सम्मेलन मध्य भारत का सबसे बड़ा क्रिटिकल केयर आयोजन साबित होगा।

#### अनेक विषयों पर होगा मंथन

मुख्य सत्रों में सेप्सिस एवं शॉक प्रबंधन, मैकेनिकल वेंटिलेशन, न्यूरोक्रिटिकल केयर, हेमोडायनामिक मॉनिटरिंग और आईसीयू में नैतिकता व गुणवत्ता सुधार जैसे विषय शामिल होंगे। साथ ही प्रतिभागियों को एयरवे मैनेजमेंट, प्वाइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड और आईसीयू प्रोसिजरल स्किल्स पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलेगा।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग - रायपुर (छ.ग.)**

**ऑनलाईन प्रथमबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 437**

**क्रमांक 2614 / निविदा / ग्रा. यां. सेवा / 2025** **रायपुर, दिनांक 15/10/2025**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र - 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 30/10/2025 तक आमंत्रित की जाती है ।

| स. क्र | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177704 | नरदहा कुर्मी समाज भवन एक्सटेंशन कार्य, वि.खं. आरंग (तृतीय तल में हॉल निर्माण) | 42.28 | 31800 | 1500 |
| 2 | 177728 | रायपुर के बुढ़ी माई मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य । | 8.92 | 6700 | 750 |
| 3 | 177765 | Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 30.00 lakh) at Sub Division **Tilda Zone-C**, Distt.- Raipur (C.G.) (सड्डू, सांकरा, मोहदा, निनवा, किरना एवं सिलपट्टी इत्यादि ।) | 35.00 | 26300 | 750 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 16/10/2025 से देखी जा सकती है ।

टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 04/11/2025 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,संभाग - रायपुर (छ.ग.)**

G-252604313/3

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञानसंस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.-495001**
**FAX (O) — 07752-237400, PHONE (O)- 07752-237400 Email address- mscimsbsp@gmail.com**

**क्रमांक/सं सं एवं अधी./सिम्स /25/ 8627** **/ बिलासपुर, दिनांक 22-10-2025**

**// दावा आपत्ति हेतु सूचना //**

सिम्स चिकित्सालय में निम्न मशीनों का वार्षिक रखरखाव किया जाना है जिस हेतु निर्माता/ अधिकृत कंपनी से प्राक्कलन प्राप्त हुआ है विवरण निम्न है-

| Sr. No. | Machine Name & Sr. No. | Department | Purchase Year | Purchase Price Per | Qty | CMC Price | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Medtronic Cautery Machine T2A53233DX, T2A53234DX | Surgery | 2022 | 17,79,288.00 | 02 | 52,800.00 | 1,05,600.00 |
| 2 | CMC charges for OCW 100-open care warmer (Phoenix) All pcb, heater coil, lamp, skin probes covered | Peadiatrics | 2014 | 58,123.67 | 10 | 9975.00 | 99,750.00 |
| 3 | CMC charges for led phototherapy unit (Phoenix) All pcb covered | Peadiatrics | 2014 | 80,144.66 | 05 | 5250.00 | 26,250.00 |
| 4 | CMC charges for NRC 100-neonatal resuscitation care (Phoenix) All pcb, heater coil, lamp, skin temperature probes covered | Peadiatrics | 2014 | 1,12,133.33 | 15 | 11550.00 | 1,73,250.00 |

उक्त मशीनों के वार्षिक रखरखाव हेतु दावा आपत्ति / प्राक्कलन हेतु निर्माता / अधिकृत एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| दावा आपत्ति एवं प्राक्कलन संबंधी दस्तावेज भेजने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 25.11.2025 समय शाम 4 बजे तक<br>पता- संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सदर बजार, गोंडपारा, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर, छ.ग. |

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर छ.ग.**

G-252604320/1

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता-अली असगर सैफी पिता-सैफुद्दीन कमर अली निवासी-ग्राम-सलौनी तहसील-अभनपुर जिला-रायपुर छ.ग स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा-ग्राम-सलोनी, प.ह.नं.-12 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका क्रमशः खसरा नं.-205/31, 205/40 रकबा क्रमश-0.235, 0.230 हेक्टे. कुल खसरा-2 कुल रकबा 0. 465 हेक्टे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना की राशि विक्रेता को प्रदान कर दिया है। विक्रय प्रतिफल की शेष राशि बैनामा पंजीयन के समय क्रेता द्वारा विक्रेता को प्रदान किया जायेगा।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी ऊजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा व अवैध व शून्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन बैनामा कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 23/10/2025

**भवदीय**
**सी.आर. बंजारे**
**मकान नं.-जी.सी./07, गोदावरी नगर बोरियाखुर्द रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो.-94255-15274**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है मेरे पक्षकार भीखम साहू पिता श्री अभिनाथ साहू, एवं शेखर साहू, पिता श्री भीखम साहू, दोनों निवासी- हाउस नं. 230, साहू पारा, शिव मंदिर, डूमतराई, माना कैंप, रायपुर (छ.ग.) ने श्री राकेश कुमार, सुरेखा दोनों पिता श्री सनत कुमार एवं अन्य 14, पता -ग्राम लफंदी, तहसील राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम लफंदी, प.ह.नं. 00030, रा.नि.मं.-राजिम, तहसील राजिम, जिला -गरियाबंद स्थित भूमि खसरा नं. 568/6 रकबा 0.6500 हे. भूमि को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम प्रतिफल राशि अदा कर दिया गया है तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदा एवं संव्यवहार पर या विक्रय पत्र के निष्पादन एवं पंजीयन पर जिस किसी व्यक्ति, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्था, निकाय को कोई. उजर आपत्ति या दावा हो तो ये सूचना प्रकाशन के सात दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है तत्पश्चात मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कर लेवेगा, बाद म्याद गुजर जाने पर कि गई आपत्ति या दावा अवैध होकर अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**के.के. महोबिया, नारायण महोबिया, सुमेधा तिवारी, अधिवक्तागण**
**बरईपारा, लिली चौक, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग. ),**
**मो.नं.- 9300671393, 79994875549**

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**शिक्षक**

आवश्यकता है- श्री कृष्णा उच्च. माध्य. विद्यालय चण्डी, अभनपुर में अंग्रेजी शिक्षक की आवश्यकता है। योग्यता- एम.ए. अंग्रेजी/ बी.एड आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि- 25/10/ 2025 संपर्क- 99261-25257, 90989-18599. (RO-6744)

**आवश्यकता**

(Walk in Interview) - छत्तीसगढ राज्यएड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से आनंद शिक्षण संस्था लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना में निम्न पद पर नियुक्ति हेतु आमंत्रण , (1) परामर्शदाता -1 पद ,वेतन - 16000 + 1200 योग्यता MA Sociology, MSW, (2) आउटरीच वर्कर (ORW)- 1 पद ,वेतन- = 10500 + 1500 योग्यता 12वी, साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा है - दिनांक 24/10/2025 समय सुबह 11 से 2 बजे तक। पता :- म. 440, शांतिनगर, गदाचौक के पास, सुपेला, भिलाई संपर्क न. 78288-54494, 97703-77577 (आरो न.-4111)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- सुपेला भिलाई मे स्थित ब्रांडेड ऑटो रिक्शा के शोरूम मे 1 सेल्स मैनेजर, 4 सेल्समेन, 1 ऑटो मैकेनिक की आवश्यकता है. अनुभवी को प्राथमिकता. वेतन योग्यतानुसार. मो. - 92024-36887 (आरो न.-4110)

**पेट्रोल पम्प कर्मी**

आवश्यकता है- रायपुर पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की अगर परिवार एवं ग्रुप इकट्ठा काम करें तो रहने की सुविधा संपर्क करें 9425522234 चौकीदार एवं सफाई कर्मी भी संपर्क करें (RO-om ad)

**अन्य**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें - 9241054300 (RO-590)

**Business व्यापार**

व्यापार- जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर- 8827848099. (RO-302)




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## खबर संक्षेप



### रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत जीता

**रिफा (बहरीन)।** भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था। इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।

### पंजाब ने किया बहुतुले को नियुक्त गेंदबाजी कोच

**चंडीगढ़।** इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच



खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे। बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी।

### तीसरा मैच बारिश में धुलने के कारण इंग्लैंड ने टी20 श्रृंखला जीती

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के खिलाफ ईडन पार्क पर तीसरा मैच सिर्फ 3.4 ओवर के बाद बारिश में धुलने से इंग्लैंड ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 1.0 से जीत ली। क्राइस्टचर्च में हेगली ओवल में पहला मैच भी बारिश में धुल गया था। इंग्लैंड ने दूसरा मैच इसी स्थान पर 65 रन से जीता था। बारिश के कारण तीन गेंद के बाद ही खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। खेल जब 80 मिनट बाद शुरू हुआ तो 14 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 3.1 ओवर और खेले लेकिन फिर बारिश हो गई जब मेजबान ने एक विकेट पर 38 रन बनाये थे।

### भुल्लर मनीला में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर

**मनीला।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस के पहले दिन पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर बने हुए हैं। एशियाई टूर के कई बार विजेता भुल्लर ने एक बोगी और छह बर्डी लगाईं। बैक नाइन होल से शुरुआत करते हुए उन्होंने 12वें और 18वें होल के बीच पांच बर्डी लगाईं और फिर तीसरे होल में एकमात्र बोगी की। उन्होंने अपने अंतिम होल में एक और बर्डी लगाई।

### इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण



**नई दिल्ली।** सिमरन शेरगिल, शमशीर अली, सवाई पद्मनाभ सिंह और सिद्धांत शर्मा इंटरनेशनल पोलो कप में भारत की चुनौती पेश करेंगे जिसकी ट्रॉफी का अनावरण बृहस्पतिवार को हुआ। भारतीय पोलो संघ और कोग्नीवेरा आई टी ने इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण किया। इसमें भारत और अर्जेंटीना शीर्ष खिताब के लिये 25 अक्टूबर को मुकाबला करेंगे। अर्जेंटीना टीम में जुआन आगस्टिन गार्सिया ग्रोस्सी, सल्वाडोर जुरेशे , मटियास बतिस्ता और निकोलस जोर्ज कोर्टी मॉडरना शामिल हैं। दिल्ली में पांच साल बाद अंतरराष्ट्रीय पोलो हो रहा है।

---

लिवरपूल ने 5-1 से जीत दर्ज कर की प्रतियोगिता में वापसी

# लिवरपूल ने फ्रेंकफर्ट को हराया, चेल्सी और बायर्न भी जीते

एजेंसी ▶▶| मिलान

लिवरपूल ने बुधवार को यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर प्रतियोगिता में वापसी की।

चेल्सी और बायर्न म्यूनिख ने भी आसान जीत दर्ज की जबकि रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने यूवेंटस को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र का अपना परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। लिवरपूल ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ दिया। मैड्रिड और बायर्न सहित पांच क्लब अधिकतम नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं।

### ऐसा रहा रोमांचक मुकाबला

रासमस क्रिस्टेनसन ने 26वें मिनट में फ्रेंकफर्ट को बढ़त दिलाई लेकिन नौ मिनट बाद फ्रेंकफर्ट के पूर्व खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने लिवरपूल को बराबरी दिला दी। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक और इब्राहिमा कोनाते के इसके बाद पांच मिनट के भीतर दो गोल दागकर अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-1 से आगे कर दिया। कोडी गैक्पो और डोमीनिक सोबोसलाई ने दूसरे हाफ में गोल दागकर लिवरपूल की बड़ी जीत सुनिश्चित की।



### रीयल ने 57वें मिनट पर दागा गोल

दूसरी तरफ रीयाल मैड्रिड ने 57वें मिनट में ज्यूड बेलिंघम के चैंपियन्स लीग में पहले गोल की बदौलत लगातार तीसरी जीत दर्ज की। चेल्सी ने अजैक्स को 5-1 से हराया जबकि बायर्न म्यूनिख ने क्लब ब्रूग को 4-0 से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने काराबेग को 3-1 से हराकर मौजूदा चैंपियन्स लीग में अपने शुरुआती अंक जुटाए। गैलाटेसराय ने बोडो ग्लिम्ट को 3-1 से हराया। स्पोर्टिंग लिस्बन ने मार्सिले को 2-1 से शिकस्त दी। टोटेनहैम और अटलांटा ने क्रमशः मोनाको और स्लाविया प्राग से गोल रहित ड्रॉ खेला।

---

सीरीज में 2-0 से बनाई अजेय बढ़त

# कोहली फिर जीरो पर आउट, नहीं चला गिल का बल्ला, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा वनडे भी जीता

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को 2 विकेट से हराते हुए सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। एडिलेड में हुए मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए, निर्धारित 50 ओवरों के बाद 264/9 का स्कोर बनाया। जवाब में मेजबान टीम ने मैथ्यू शॉर्ट (74) और कूपर कोनॉली (61*) की पारियों की मदद से 47वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

### इस तरह से जीती ऑस्ट्रेलियाई टीम

टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत से शुभमन गिल (9) और विराट कोहली (0) जल्दी आउट हुए। इसके बाद रोहित शर्मा (73) और श्रेयस अय्यर (61) ने पारी को संभाला। वहीं, अक्षर पटेल ने 44 रन का योगदान दिया और मेहमान टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में मिचेल मार्श (11) और ट्रेविस हेड (28) के विकेटों के पतन के बाद शॉर्ट ने अर्धशतक लगाया। इसके बाद कूपर कोनॉली (61*) और मिचेल ओवेन (36) ने जीत दिलाई।



### लगातार दूसरे वनडे में शून्य पर आउट हुए कोहली

कोहली दूसरे वनडे में भी अपना खाता नहीं खोल सके। वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोहली लगातार 2 वनडे मुकाबले में खाता खोले बिना आउट हुए हैं। उन्हें जेवियर बार्टलेट ने आउट किया। कोहली ने 4 गेंदों का सामना किया और एलबीडब्ल्यू आउट हुए। कोहली पहले वनडे में भी कुछ खास नहीं कर पाए थे। उन्होंने 8 गेंदों का सामना किया था और खाता खोले बिना मिचेल स्टार्क की गेंद पर आउट हो गए थे।

### श्रेयस का 23वां अर्धशतक

श्रेयस ने 77 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 79.22 की रही।उन्हें एडम जैम्पा ने आउट किया। भारत के उपकप्तान ने रोहित के साथ मिलकर 136 गेंदों में 118 रन की साझेदारी निभाई। इसके अलावा उन्होंने अक्षर पटेल के साथ 19 गेंदों में 25 रन जोड़े।

### ऐसी रही शॉर्ट की पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने जब 30 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब शॉर्ट क्रीज पर आए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 78 गेंदों में 74 रन की उपयोगी पारी खेलकर हर्षित राणा की गेंद पर पवेलियन लौट गए। अपनी इस अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए।

### कूपर ने लगाया अपना पहला अर्धशतक

जब ऑस्ट्रेलिया ने 132 रन के स्कोर पर अपना चौथा विकेट खोया, तब कोनॉली क्रीज पर उतरे थे। 22 वर्षीय इस युवा ऑलराउंडर ने बल्लेबाजी में प्रभावित किया। उन्होंने एक छोर से निरंतर रन बटोरते हुए 42 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके युवा वनडे करियर का पहला अर्धशतक साबित हुआ। उन्होंने ओवन के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 59 रन की उपयोगी साझेदारी भी की।

### रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे किए

रोहित ने 97 गेंदों में 73 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे करने वाले बल्लेबाजों की सूची में रोहित दुनिया के 5वें बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले यह कारनामा वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज विवियन रिचर्ड्स और डेसमंड हेन्स के अलावा श्रीलंका क्रिकेट टीम के कुमार संगाकारा और महेला जयवर्धने ने किया था।

### ये रिकॉर्ड्स भी किए रोहित ने अपने नाम

रोहित ने एशिया के पहले बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने सीना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में वनडे क्रिकेट में 150 छक्के पूरे किए हैं। रोहित ने वनडे में 10वीं बार ऑस्ट्रेलिया की धरती पर 50+ का स्कोर बनाया है। कोहली और सचिन तेंदुलकर ने 11-11 बार ये कारनामा किया है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 48 मुकाबले खेले हैं और 56.54 की औसत से 2,488 रन बनाने में सफल रहे हैं।

---

महिला वनडे विश्व कप

# भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| मुंबई

महिला वनडे विश्व कप 2025 के 24वें मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम को 53 रन से हराया। बारिश से प्रभावित मैच में भारत ने 49 ओवर के बाद 340/3 का स्कोर बनाया। डीएलएस नियम की बदौलत न्यूजीलैंड को 44 ओवर में 325 रन का नया लक्ष्य मिला और कीवी टीम 271/8 का स्कोर ही बना सकी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने 6 मैचों के बाद तीसरी जीत है। अपने आखिरी लीग मैच में बांग्लादेश से भिड़ना है। भारत से पहले ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड की टीमें सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर चुकी हैं। न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान की टीमें अंतिम-4 में नहीं पहुंच सकी हैं।

### इस तरह से जीती भारतीय टीम

भारत से पारी की शुरुआत करते हुए स्मृति मंधाना (109) और प्रतिका रावल (122) ने शतक लगाए। इसके बाद जेमिमा रोड्रिगेज ने 76 रन की पारी खेलते हुए टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। ज्यादातर कीवी गेंदबाज महंगी साबित हुई। जवाब में क्रांति गौड़ ने पारी के दूसरे ही ओवर में सूजी बेट्स (1) का विकेट चटकाया। इसके बाद ब्रूक हॉलिडे (81) और इसाबेला गेज (65*) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

### मंधाना का 14वां वनडे शतक

बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में कीवी गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए अपनी पारी को शतक में तब्दील किया। वह 95 गेंदों में 109 रन की पारी खेलकर आउट हुई। उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। उन्होंने क्रीज पर टिकने के बाद रन गति में इजाफा किया और 49 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### प्रतिका रावल ने सबसे तेज बनाए 1,000 वनडे रन

प्रतिका ने अपनी 23वीं वनडे पारी में 1,000 रन पूरे किए। वह सबसे कम पारियों में ये आंकड़ा (संयुक्त रूप से) छूने वाली महिला बल्लेबाज बनी हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया की लिंडसे रीलर (23 पारी) की बराबरी की।

---

बैडमिंटन

# लक्ष्य, दीक्षा, जगशेर बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 में चमके



एजेंसी ▶▶| चेंगडू

लक्ष्य राजेश और दीक्षा सुधाकर ने बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 चैम्पियनशिप के दूसरे दिन लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि जगशेर सिंह लड़कों के वर्ग में अंतिम 16 में पहुंच गए। अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में लक्ष्य ने चीनी ताइपे के कुआन यि लिन को 21-17, 21-11 से हराया जबकि दीक्षा ने चीन की लुओ या रू को 17-21, 21-16, 21-11 से मात दी। लड़कों के वर्ग में जगशेर ने चीन के झांग यू फेंग को 21-14, 21-17 से मात दी।

### लड़कियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

लड़कियों के युगल वर्ग में दीपक राज अदिति और पी वृद्धि ने मलेशिया की सुइ मेइ तियोह और जि किंग वान को 22.20, 21.12 से हराया जबकि अंडर 15 मिश्रित युगल में हेमंत श्री एस और शरायु रंजाने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के एंग यू जि और लू किट रेइ चारा को 21.9, 21.11 से मात दी।

# श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने लिया फैसला लंका प्रीमियर लीग हुई स्थगित

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

लंका प्रीमियर लीग का अगला संस्करण इस साल अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं होगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को ये ऐलान किया है। दरअसल, श्रीलंका अगले साल पुरुषों के टी-20 विश्व कप का सह मेजबान देश है, और बोर्ड इस आयोजन की तैयारियों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। बता दें कि टी-20 विश्व कप 2026 के मैच भारत के साथ-साथ श्रीलंका में खेले जाने हैं।

### टी-20 विश्व कप की तैयारी में जुटा श्रीलंका

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा, आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, आगामी 20-टीमों के आयोजन के लिए सभी आयोजन स्थल किसी भी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार होने चाहिए। ऐसी में एलपीएल को स्थगित करके एसएलसी ने अब स्टेडियम के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, खिलाड़ियों की सुविधाओं को आधुनिक बनाने, प्रसारण क्षमताओं को उन्नत करने और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में अपना ध्यान केंद्रित किया है।

---

# नीशू, पुलकित, सृष्टि कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारीं

एजेंसी ▶▶| नोवी साद



भारत की तीन महिला पहलवान नीशू, पुलकित और सृष्टि बृहस्पतिवार को यहां अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में हार गईं जिससे अब वे कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। नीशू (55 किग्रा) ने जापान की मो कियूका को 6-2 से हराने के बाद किरा सोलोबचुक पर 10-1 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन तुर्किये की तुबा देमिर ने अंतिम चार में उन्हें 6-4 से हरा दिया। पुलकित (65 किग्रा) ने दोनों जीत तकनीकी श्रेष्ठता से हासिल की। उन्होंने कनाडा की मारिया सावियाक (10-0) और तुर्किये की बेयजा अक्कस (18-8) को हराया लेकिन सेमीफाइनल में एलिजावेटा पेटिलियाकोवा से 6-9 से पराजित हो गईं। सृष्टि ने 68 किग्रा वर्ग में कनाडाई पहलवान एंजेलिना एलिस टोडिंगटन को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) के आधार पर हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की मनोला स्कोबेल्स्का पर 6-3 से आसान जीत दर्ज की पर एलिना शेवचेंको ने सृष्टि पर 10-6 से जीत हासिल की।

---

# कबड्डी में दो स्वर्ण के साथ भारत पांचवें स्थान पर एशियाई युवा खेलों में भारतीयों ने दिखाया दमखम

एजेंसी ▶▶| रिफा (बहरीन)

भारत ने एशियाई युवा खेलों में यादगार दिन का समापन कबड्डी में दो स्वर्ण पदकों के साथ किया। लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों में चैंपियन बनकर भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। भारत के कुल पदकों की संख्या दो स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य हो गई। चीन छह स्वर्ण, 10 रजत और एक कांस्य से तालिका में शीर्ष पर बना रहा। उसके बाद थाईलैंड (6-2-2), उज्बेकिस्तान (6-1-2) और ईरान (3-4-6) का स्थान रहा। भारत की लड़कियों की कबड्डी टीम ने ईरान को 75-21 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स में भारत ने अपने खाते में दो रजत और एक कांस्य पदक जोड़ा।



### एथलेटिक्स में ऐसा रहा प्रदर्शन

रंजना यादव ने लड़कियों की 5000 मीटर पैदल चाल में 23 मिनट 25.88 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता।

### बाधा दौड़ में अंबुरे ने जीता रजत

अंबुरे शौर्य ने लड़कियों की 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.53 सेकेंड का समय लेकर भारत के लिए दूसरा रजत पदक जीता। वह चीन की केई झांग (13.51 सेकंड) से पीछे रहीं। उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा शोदियोना ने 13.89 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

### गोला फेंक व ताइक्वांडो में भी जीते

जैस्मीन कौर ने लड़कियों की गोला फेंक में 14.86 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। चीन ने सुन मेंग्याओ (18.15 मीटर) और ली मेंग्याओ (16.93 मीटर) के साथ शीर्ष दो स्थान हासिल किए। भारत ने ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते। देबाशीष दास को जबकि यशिवनी सिंह और शिवांशु पटेल की जोड़ी को कांस्य पदक मिला। कुराश में भारत पहले ही एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ अपने अभियान का समापन कर चुका है।

---

वनडे सीरीज की कमान संभालेंगे शाहीन

# पाकिस्तान की टी-20 टीम में बाबर और नसीम की हुई वापसी

एजेंसी ▶▶| करांची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है, जिसमें स्टार बल्लेबाज बाबर आजम और तेज गेंदबाज नसीम शाह की वापसी हुई है। पाकिस्तान इस सीरीज के बाद श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय टी-20 सीरीज भी खेलने वाला है। बाबर ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था। 15 सदस्यीय टीम में ऑलराउंडर अब्दुल समद को भी जगह दी गई है।

### एशिया कप का हिस्सा नहीं थे बाबर और नसीम

पाकिस्तान पहले 28 अक्टूबर से रावलपिंडी और लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा। इसके बाद 17 नवंबर से श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय सीरीज होगी। बाबर और नसीम की एशिया कप के बाद टीम में वापसी से अगले साल टी-20 विश्व कप के लिए उनके चयन के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, फखर जमान, हारिस रऊफ और सुफियान मोकीम को रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है।



### ऐसी है पाकिस्तान की टी-20 टीम

पाकिस्तान की टी-20 टीमः आघा सलमान (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सैम अय्यूब, शाहीन अफरीदी, उस्मान खान (विकेटकीपर) और उस्मान तरीक।

### वनडे टीम का बदला कप्तान

पाकिस्तान 4 से 8 नवंबर तक फैसलाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज भी खेलने वाला है। इस सीरीज में शाहीन टीम की कमान संभालेंगे, जिन्होंने हाल ही में मोहम्मद रिजवान की जगह कप्तान पद ग्रहण किया है। यह अफरीदी की कप्तानी में पाकिस्तान की पहली वनडे सीरीज होगी। इसके लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया गया है। टीम में फैसल अखरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर बल्लेबाज हसीबुल्लाह को भी शामिल किया गया है।

# इंसानों की जगह 2 कुत्तों को चांद पर भेजने की तैयारी में चीन



बीजिंग। पूर्वोत्तर चीन के ऊंचे इलाकों में एक पुरानी ज्वालामुखी गुफा की नुकीली चट्टानों के नीचे 2 चार पैरों वाली मशीनें अंधेरे में आगे बढ़ रही हैं। वे मुड़ती हैं, तंग जगहों के हिसाब से खुद को ढाल लेती हैं और बिना रुके सेंसरों से अपने आस-पास की जगह का जायजा लेती हैं। इन रोबोटों के नाम एंटईटर और सैलामैंडर हैं। ये किसी साइंस-फिक्शन फिल्म की शूटिंग पर नहीं घूम रहे हैं, बल्कि ये चांद पर वापसी के लिए चीन के बनाए जा रहे ब्लूप्रिंट का हिस्सा हैं। लेकिन, इंसानों पर आधारित पिछले चांद मिशनों के उलट यह नई योजना मशीनों से शुरू होती है।

## बहादुरी नहीं, अब बुद्धि से होगा चांद पर कब्जा



### क्या जांच करेंगे रोबोट्स?

पेकिंग यूनिवर्सिटी और बीजिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अकादमी के शोधकर्ताओं ने इन दो रोबोट प्रोटोटाइप को बनाया है। इन्हें चांद की लावा नलियों जो पुराने ज्वालामुखी के बहाव से बनी विशाल भूमिगत सुरंगें हैं, में चलने के लिए डिजाइन किया गया है। इनका आखिरी लक्ष्य है भविष्य में इंसानों के रहने के लिए इन भूमिगत जगहों का नक्शा बनाना और उनकी जांच करना कि क्या वे सुरक्षित ठिकाने बन सकते हैं।




### क्या करना चाहता है चीन?

चीन, जो पहले ही चांद के दोनों तरफ अपने यान उतार चुका है अब एक रोबोट अपना रहा है। खराब रास्तों और मुश्किल जगहों की जांच के लिए इंसानों को भेजने के बजाय बीजिंग अब ऐसे ऑटोमैटिक खोजकर्ता बना रहा है जो पृथ्वी से बिना किसी लाइव कंट्रोल के भी खतरनाक जगहों पर चल सकते हैं। यह बदलाव दिखाता है कि चांद की खोज अब बहादुरी से नहीं बल्कि दिमाग से हो रही है।

### टल गया नासा का मिशन?

यह समय बहुत ही जरूरी है, नासा के आर्टेमिस प्रोग्राम में देरी की वजह से अब इंसानों का चांद पर लौटना 2030 के आखिर तक टल गया है, लेकिन चीन का 2030 तक पहली मानव लैंडिंग का लक्ष्य अभी भी वहीं है। ये रोबोटिक डॉग्स चांद के दक्षिणी ध्रुव पर हमेशा के लिए टिके रहने के एक बड़े मिशन का बस एक हिस्सा हैं। यह दक्षिणी ध्रुव इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पानी की बर्फ और खनिज से भरपूर मिट्टी है, जिनका वैज्ञानिक और रणनीतिक, दोनों तरह से बड़ा महत्व है।

**रोचक खबरें**



## इंसान को पत्थर में बदल देती है ये झील! छूते ही बन जाएंगे मूर्ति!

**दोदोमा**। अफ्रीका महाद्वीप के हृदय में बसी एक ऐसी झील है, जो अपनी खूबसूरती से लुभाती तो है, लेकिन छूने वाले को मौत के घाट उतार देती है। नाट्रॉन झील, जो तंजानिया के उत्तरी क्षेत्र में ओल डोइन्यो लेंगाई ज्वालामुखी के पास स्थित है, को 'पत्थरों का कब्रिस्तान' कहा जाता है। इसका लाल रंग खून जैसा चमकदार पानी देखकर पर्यटक मोहित हो जाते हैं, लेकिन इसके पीछे छिपी सच्चाई इतनी भयावह है कि इंसान के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यह झील ना केवल जानवरों को, बल्कि इंसानों को भी पत्थर में बदल सकती है – कम से कम यही अफवाहें हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती है। वास्तव में, नाट्रॉन झील का पीएच स्तर 10.5 तक पहुंच जाता है, जो सामान्य पानी से कहीं अधिक क्षारीय है। इसमें सोडियम कार्बोनेट और बाइकार्बोनेट की भारी मात्रा होती है, जिसे सोडा ऐश भी कहते हैं। यह रसायन इतना कास्टिक (जलन पैदा करने वाला) है कि अगर कोई अनुकूलित जीव इसमें गिर जाए, तो उसकी त्वचा और आंखें झुलस सकती है। ब्रिटिश फोटोग्राफर निक ब्रैंड्ट ने 2013 में यहां की तस्वीरें लीं, जिनमें मृत पक्षियों के शव पत्थर की मूर्तियों जैसी मुद्राओं में खड़े नजर आए।

### पीछे है विज्ञान

इन तस्वीरों ने दुनिया भर में हलचल मचा दी। लोग सोचने लगे कि क्या यह झील किसी जादू या अभिशाप से ग्रस्त है? लेकिन, विज्ञान की नजर से देखें तो यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसे कैल्सीफिकेशन कहते हैं। जब कोई जानवर मरता है और उसका शव झील में डूब जाता है, तो क्षारीय पानी उसके ऊतकों को सख्त कर देता है, हड्डियों को मजबूत बनाता है और ममीकरण जैसा प्रभाव पैदा करता है। परिणामस्वरूप, शव सड़ते नहीं, बल्कि पत्थर जैसी संरचना में बदल जाते हैं।

# सोने-चांदी से भी महंगी है मछली मांस ही नहीं, हड्डियां भी बेशकीमती!

मेक्सिको सिटी। समुद्र की गहराइयों में छिपा एक ऐसा राज, जो सोने-चांदी से भी ज्यादा चमकदार है, लेकिन घातक भी है। मेक्सिको के गल्फ ऑफ कैलिफोर्निया में पाई जाने वाली टोटोआबा मछली की 'हड्डियां- जो असल में स्विम ब्लैडर या फिश मॉ हैं- सोने से भी महंगी बिकती है। प्रति किलो 80 डॉलर (करीब 6700 रुपए) तक कीमत है जो कैवियार से 10 गुना और हाथी दांत से 30 गुना ज्यादा है। चाइनीज पारंपरिक चिकित्सा और शादियों के व्यंजनों में ये 'मिरेकल इंग्रीडिएंट' माना जाता है, जो किडनी मजबूत करने और त्वचा चमकाने का दावा करता है। लेकिन, ये वैभव एक दुर्लभ प्राणी वैक्विटा के विनाश का कारण बन रहा है, जिसकी संख्या घटकर महज 10 रह गई है। 2025 में अमेरिकी सीमा पर 1 टन फिश मॉ जब्त हुआ था जिसकी कीमत 50 लाख डॉलर बताई गई थी।



### बेहद खास है ये मछली

टोटोआबा, जो 2 मीटर लंबी होती है, 1930 के दशक से ही ओवरफिशिंग का शिकार है। 1970 में मेक्सिको ने इसे संरक्षित घोषित कर दिया था, लेकिन चाइनीज डिमांड ने अवैध व्यापार को जन्म दिया। फिश मॉ को सुखाकर चीन, हॉन्गकॉन्ग और वियतनाम भेजा जाता है, जहां ये 'समुद्री कोकीन' कहलाता है। एक किलो फिश मॉ से 50,000 डॉलर तक कमाई हो सकती है, जो गरीब मछुआरों को लालच देता है। गिल नेट्स से टोटोआबा पकड़ने के चक्कर में वैक्विटा फंसकर दम घुटने से मर जाती है। इंटरनेशनल व्हेल एंड डॉल्फिन कंजर्वेशन सोसाइटी के अनुसार, 2017 से वैक्विटा की संख्या 600 से घटकर 10 हो गई है।



### जमकर होती है ब्लैक मार्केटिंग

पर्यावरणविद इसे 'इनविजिबल एक्सटिंक्शन' कहते हैं, क्योंकि वैक्विटा शर्मीली होती है और कम दिखती है। 2025 में ये मुद्दा फिर गरमाया जब सितंबर में मेक्सिको नेवी ने 500 किलो फिश मॉ जब्त किया था। यूएस फिश एंड वाइल्डलाइफ सर्विस ने बताया कि ये व्यापार 52 मिलियन डॉलर का सालाना ब्लैक मार्केट है। ब्राजील में भी येलो क्रोकर की फिश मॉ बूम पर है, जहां मेल फिश की ब्लैडर ज्यादा महंगी बिकती है, क्योंकि गहरे पानी में तैरने से 'ताकतवर' मानी जाती है। चीन में शादियों के सीजन में इसकी डिमांड दोगुनी हो जाती है, जहां फिश मॉ सूप 1000 डॉलर प्लेट पर सर्व किया जाता है। लेकिन, वैज्ञानिकों का कहना है कि इसके स्वास्थ्य लाभ बिना प्रमाण के है। ये सिर्फ प्रोटीन और कोलेजन से भरपूर है।

## बिल्कुल एक जैसे दिखते हैं ये पति-पत्नी, लोग समझ लेते हैं जुड़वां बहन



**बीजिंग**। जुड़वा भाई-बहन तो होते हैं, इसके बारे में आपने बहुत सुना और देखा भी होगा, लेकिन क्या आपने कभी 'जुड़वां पति-पत्नी' के बारे में सुना है? जी हां, चीन में ऐसा ही एक कपल आजकल काफी चर्चा में है, जो देखने में हूबहू एक जैसे ही लगते हैं। चीन में पारंपरिक हर्बल दवा की दुकान चलाने वाला ये कपल चीनी सोशल मीडिया पर खूब वायरल है। उनके लगभग एक जैसे दिखने वाले रूप ने लाखों लोगों को हैरान कर दिया है। अब लोग मजाकिया अंदाज में पूछ रहे हैं कि क्या ये दोनों जन्म से अलग हुए भाई-बहन हैं?

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ये कपल चीन के डोंगगुआन का रहने वाला है। करीब 20 साल की लियांग कैयु और ही शियानशेंग अपनी हूबहू शक्ल वाले वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद रातों-रात फेमस हो गए हैं। 'पति कौन है, पत्नी कौन है?' टाइटल से शेयर किए गए उनके एक वीडियो में ये कपल एक जैसे विग और आउटफिट में दिखाई देता है। उन्हें देखकर सच में ये पहचान पाना मुश्किल है कि पति कौन है और पत्नी कौन है। लियांग कैयु के मुताबिक, दोनों की मुलाकात एक ब्लाइंड डेट पर हुई थी और 6 महीने बाद ही दोनों ने शादी कर ली थी। दोनों ऐसे परिवारों से आते हैं, जो 40 से ज्यादा सालों से पारंपरिक हर्बल दवाइयों के कारोबार में हैं। लियांग ने बताया, 'जब हम पहली बार मिले थे, तो मुझे नहीं लगा था कि हम बिल्कुल एक जैसे दिखते हैं, लेकिन दो साल तक लगभग 24/7 साथ रहने और काम करने के बाद हम धीरे-धीरे एक-दूसरे से ज्यादा मिलते-जुलते लगने लगे।' अपनी शादी के बाद इस अनोखे कपल ने साल 2023 में अपनी खुद की हर्बल दवा की दुकान शुरू की। जहां ही शियानशेंग हर्बल चाय और सूप तैयार करते हैं, तो वहीं लियांग कैयु क्रिएटिव वीडियोज बनाने, उन्हें शेयर और वायरल करने का काम करती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लियांग ने बताया कि शुरुआत में तो उनका कारोबार धीमा रहा, लेकिन जैसे-जैसे फॉलोअर्स ने दोनों की लगभग एक जैसी शक्ल-सूरत पर ध्यान देना शुरू किया, उनका लुक ही मार्केटिंग का जरिया बन गया।

## महिला ने ऑनलाइन खरीद ली भूतिया गुड़िया! फिर जो हुआ वो खौफनाक है

**लंदन**। आज के दौर में लोग जमकर ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं, लेकिन ब्रिटेन की एक महिला के साथ जो भी हुआ, उसके बारे में जानकर आप अगली दफा 10 बार सोचेंगे कि ऑनलाइन क्या खरीदना है।



कॉर्नवाल की रहने वालीं 42 वर्षीय कैंडिस कॉलिन्स का दावा है कि उन्होंने यूके की 'सबसे भूतिया गुड़िया' खरीद ली है, और तब से ही उनके घर में खौफनाक घटनाएं हो रही हैं। कैंडिस पेशे से एक पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर हैं। उन्होंने 'नॉर्मन' नाम की ये भूतिया गुड़िया ईबे से 200 पाउंड (यानी 21,000 रुपए) में खरीदा है। कैंडिस के अनुसार, सुनहरे बालों और नीली धारियों वाली शर्ट पहने यह गुड़िया दिखने में जितनी मासूम लगती है, उतनी ही खतरनाक भी है।

### गुड़िया का डरावना इतिहास!

एक रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्मन के पुराने मालिक क्रिश्चियन हॉक्सवर्थ ने इसे सिर्फ 3 पाउंड में एक एंटीक मेले से खरीदा था। लेकिन, इस गुड़िया के घर आने के बाद उसकी किस्मत ने ऐसी पलटी खाई कि पूछिए ही मत। पहले तो शख्स का अपेंडिक्स फट गया। फिर किसी बंदे के हाथों उसे गोली लगी। इसके बाद कार के ब्रेक फेल हो गए। फिर सैलरी कटने जैसी घटना हुई। क्रिश्चियन को लगा कि यह सब कुछ इस गुड़िया की वजह से हुआ है।

# अंतिम संस्कार का नया तरीका! पानी में खौला कर गला देते हैं बॉडी

**न्यूयार्क**। मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार की परंपराएं सदियों से चली आ रही हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट के दौर में एक नया तरीका सुर्खियों में है - एक्वामेशन या पानी से संस्कार। इसमें मृत शरीर को पानी और क्षारीय घोल में 'उबालकर' घोल दिया जाता है, नरम हिस्से तरल में बदल जाते हैं और हड्डियों को पीसकर राख बना दिया जाता है। यह पारंपरिक चिता जलाने से 90% कम ऊर्जा इस्तेमाल करता है और कोई हानिकारक गैसें नहीं छोड़ता।

एक्वामेशन, जिसे अल्कलाइन हाइड्रोलिसिस या रेसोमेशन भी कहते हैं, एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। इसमें मृत शरीर को स्टेनलेस स्टील के दबाव वाले सिलेंडर में रखा जाता है।फिर पानी का 95% और पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड का 5% घोल डाला जाता है। तापमान 150 डिग्री सेल्सियस और दबाव 10-20



एटमॉस्फियर रखा जाता है। 3 से 16 घंटों में नरम ऊतक – मांस, त्वचा, अंग घुलकर अमीनो एसिड, शुगर, पेप्टाइड्स और साल्ट्स वाले बंध्य तरल में बदल जाते हैं। यह तरल इतना साफ होता है कि सीवर सिस्टम में डाल सकते हैं, क्योंकि इसमें कोई डीएनए या ऊतक नहीं बचता। बची हड्डियां (कैल्शियम फॉस्फेट) सुखाई जाती हैं, 800-1000 डिग्री पर भूनकर पीस दी जाती हैं, ठीक पारंपरिक राख जैसी।

### इको फ्रेंडली तरीका

यह प्रक्रिया दफन से भी तेज है, जहां बॉडी को मिट्टी में मिलने में सालों लगते हैं। पर्यावरणीय फायदे इसे 'ग्रीन क्रीमेशन' बनाते हैं। वहीं, पारंपरिक चिता जलाने में 1.5 टन कार्बन डाइऑक्साइड निकलता है और 400 लीटर ईंधन लगता है। एक्वामेशन में सिर्फ 100 लीटर पानी और बिजली की जरूरत होती है यानी 90% कम ऊर्जा। कैनेडियन क्रीमेशन एसोसिएशन के अनुसार, इससे ग्रीनहाउस गैसें 35% कम होती हैं। दक्षिण अफ्रीका के आर्कबिशप डेसमंड टूटू ने 2022 में इसे चुना, जो पर्यावरण प्रेमी थे। उनके अंतिम संस्कार में सादा ताबूत और यह तरीका इस्तेमाल हुआ था। अमेरिका में 28 राज्यों में इसे कानूनी मान्यता है, जहां सालाना हजारों लोग अपने अंतिम संस्कार के लिए इसे चुनते हैं।

## धरती को मिला एक और चांद 50 साल तक रहेगा साथ



**वॉशिंगटन**। वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खोज की है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है। खगोलविदों ने पृथ्वी के एक नए चंद्रमा की खोज की है, जो अगले 50 वर्षों तक साथ रहेगा। दरअसल, यह एक एस्टेरॉयड है, जिसका नाम 2025 पीएन7 है। यह पृथ्वी की करीब 50 वर्षों तक परिक्रमा करने वाला है। कहा जा रहा है कि यह मिनी मून है। नासा के वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया है यह वास्तव में चंद्रमा जैसा नहीं है। यह एक अर्ध चंद्रमा है, जो सूर्य के चारों तरफ पृथ्वी की लगभग समान कक्षा और गति से घूमता है। इससे यह भ्रम होता है कि हमारे ग्रह की परिक्रमा कर रहा है।

### 2083 तक तक पृथ्वी के साथ रहेगा मिनी मून

यह क्षुद्रग्रह 19 मीटर व्यास का है, जिसे अगस्त 2025 में खोजा गया था। यह 2083 के बाद कुछ समय तक पृथ्वी की कक्षा के पास बना रहेगा और फिर यह धीरे-धीरे बाहरी अंतरिक्ष में चला जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 पीएन 7 बीते कुछ दशकों से पृथ्वी की कक्षा के निकट एक प्रक्षेप पथ (ट्रेजेक्टरी) पर घूम रहा है। बहुत छोटा होने और धुंधला होने की वजह से अभी तक इसका पता नहीं चला था। खगोलविदों का आकलन है कि यह मिनी मून करीब 2083 तक पृथ्वी से गुरुत्वाकर्षण के जरिए बंधा रहेगा। वैज्ञानिकों की नजर इसके रास्ते पर है, ताकि यह पता चल सके कि यह हमारी पृथ्वी के चारों ओर इस अस्थिर परिक्रमा को कब तक करता रहेगा।

### क्या है मिनी मून?

उन खगोलीय पिंडों को अर्ध चंद्रमा कहा जाता है, जो लगता है कि पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। लेकिन, यह वास्तव में यह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। भ्रम होने की वजह यह है कि दोनों पिंड सूर्य के चारों ओर लगभग समान परिक्रमा गति साझा करते हैं। जैसे-जैसे पृथ्वी एक पूरे साल का परिक्रमा पूरा करती है, वैसे-वैसे क्षुद्रग्रह भी आकाश में बदलते हुए आठ अंक के आकार का पैटर्न का पालन करते नजर आते हैं।

### चंद्रमा और मिनी मून में क्या है अंतर?

हमारा प्राकृतिक चंद्रमा गुरुत्वाकर्षण की पृथ्वी की परिक्रमा करने के लिए बाध्य होता है, लेकिन एक अर्ध चंद्रमा स्वतंत्रत होता है और कभी पूरी तरह से नहीं जुड़ता है। यह सिर्फ पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से अप्रत्यक्ष रूप से बंधा होता है।

## डायर वुल्फ हाइब्रिड प्रजाति है, जिसका 99.9% डीएनए आज के ग्रे वुल्फ जैसा

# वैज्ञानिकों ने कर दिखाया! 12,500 साल पहले मरे जीव को कर दिया जिंदा

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

विज्ञान ने हाल ही में एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है।अमेरिकी वैज्ञानिकों ने लगभग 12,500 साल पहले विलुप्त हो चुके एक जीव को फिर से इस धरती पर वापस लाने का दावा किया है।टेक्सास स्थित एक जेनेटिक इंजीनियरिंग कंपनी, कोलोसल बायोसाइंसेस ने विलुप्त हुए डायर वुल्फ की प्रजाति के तीन शावकों को सफलतापूर्वक जन्म दिया है। यह बड़ी कामयाबी डी-एक्सटिंक्शन टेक्नोलॉजी की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है।किस जानवर को 'ज़िंदा' किया गया?

जिस जीव को 'पुनर्जीवित' करने का दावा किया जा रहा है, वह है डायर वुल्फ। यह एक विशाल भेड़िया प्रजाति थी, जो प्लीस्टोसीन युग के दौरान उत्तरी अमेरिका में



रहती थी और लगभग 12,500 साल पहले ख़त्म हो गई थी। हॉलीवुड की मशहूर सीरीज़ 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में भी इन्हें दिखाया गया है।

वैज्ञानिकों ने यह चमत्कार जीन एडिटिंग तकनीक का इस्तेमाल करके किया है।उन्होंने 13,000 साल पुराने दांत और 72,000 साल पुरानी खोपड़ी से डायर वुल्फ का डीएनए निकाला। इसके बाद, क्रिसपर जैसी एडवांस तकनीक का उपयोग करके इस प्राचीन डीएनए को आधुनिक ग्रे वुल्फ के जीनोम में 'एडिट' (बदलना) किया गया। इस प्रक्रिया से तीन शावकों—रोमुलस, रेमस और खलीसी (एक मादा) को जन्म दिया गया, जो दिखने में हूबहू डायर वुल्फ जैसे हैं। हालांकि, वैज्ञानिक मानते हैं कि ये पूरी तरह से मूल डायर वुल्फ नहीं हैं, बल्कि यह एक हाइब्रिड प्रजाति है, जिसका 99.9% डीएनए आज के ग्रे वुल्फ जैसा है, लेकिन इसकी बनावट और फर प्राचीन डायर वुल्फ जैसे हैं।

### क्या अगला नंबर डायनासोर का है?

इस सफलता के बाद लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अब जुरासिक पार्क फ़िल्म की तरह डायनासोर को भी वापस लाया जा सकेगा? जवाब थोड़ा कठिन है।वैज्ञानिकों ने डायनासोर को वापस लाने की संभावना को असंभव बताया है। इसका मुख्य कारण यह है कि डायनासोर लगभग 6.6 करोड़ साल पहले विलुप्त हुए थे। डीएनए समय के साथ टूट जाता है और नष्ट हो जाता है। वर्तमान में जो सबसे पुराना डीएनए मिला है, वह कुछ लाख साल पुराना ही है। 6.6 करोड़ साल बाद डायनासोर का कोई भी साबुत डीएनए मिलना असंभव है। डायनासोर के डीएनए के बिना, उन्हें क्लोन करना या डी-एक्सटिंक्शन तकनीक का इस्तेमाल करना संभव नहीं है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com